तापमान
अधिकतम 43.5 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 23 अप्रैल 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]

छ.ग.-प्री.बी.एड.
प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829




# बिन पानी सब सून...

**बसंतपुर व डभरा क्षेत्र में महानदी सूखी**

**रामानुजगंज में कन्हर नदी में जेसीबी चलाकर हो रही पानी की व्यवस्था**

**अरपा, मांड व बेलपान में छोटी नर्मदा का उद्गम कुंड सूखा**

**बिलासपुर जिले के 27 छोटे बांधों में एक बूंद पानी नहीं**

भीषण गर्मी से हाहाकार मचना शुरू हो गया है। बांध-नदी-नाले और तालाब सूख रहे हैं। बीते वर्ष अप्रैल महीने में 75 प्रतिशत जलभराव उपलब्ध रहने वाले जिले के सबसे बड़े बांध खारंग में अभी सिर्फ 37 प्रतिशत पानी बचा है। अरपा तो सूख ही चुकी है। अब बेलपान में छोटी नर्मदा के उद्गम कुंड के भी कंठ सूखे नजर आ रहे हैं। जिले के छोटे स्तर के 24 बांधों में एक बूंद पानी नहीं है। बसंतपुर व डभरा क्षेत्र में महानदी और खड़गवां में हसदो जैसी नदी सूखी नजर आ रही है। रामानुजगंज में सूख चुकी कन्हर नदी को जेसीबी से टटोल कर पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। अरपा भैंसाझार बांध में 26 प्रतिशत पानी बचा है और घोंघा जलाशय में 32 प्रतिशत पानी शेष है। अभी आधा अप्रैल बीता है। अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक पहुंच चुका है। आशंका है कि गर्मी के शेष बचे दो महीनों में जल संकट की स्थिति रूह कंपा देने वाली होगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के छोटे बांधों की बात की जाए, तो 27 बांधों में एक बूंद पानी नहीं है। इसी तरह 11 बांध ऐसे हैं, जिनमें जलभराव सिर्फ 25 प्रतिशत शेष है। जल संसाधन विभाग के अनुसार बांधों में जलभराव 25 प्रतिशत या उससे कम होने की हालत में विशेष परिस्थिति के लिए पानी रिजर्व रखा जाता है। लिहाजा ज्यादातर बांध अब उस स्थिति में पहुंच चुके हैं कि नहरों से अब पानी की सप्लाई संभव नहीं हो पाएगी। जल संसाधन विभाग के अनुसार बांधों में जलभराव 25 प्रतिशत या उससे कम होने की हालत में विशेष परिस्थिति के लिए पानी रिजर्व रखा जाता है। लिहाजा ज्यादातर बांध अब उस स्थिति में पहुंच चुके हैं कि नहरों से अब पानी की सप्लाई संभव नहीं हो पाएगी।

अलग खबर



## महानदी और हसदेव की हालत चिंताजनक

बड़ी और बारहमासी बहाव वाली कही जाने वाली नदियां महानदी और हसदेव की खुद की हालत चिंताजनक दिखाई पड़ रही है। बसंतपुर व डभरा क्षेत्र के आसपास महानदी अपना अस्तित्व बचाती नजर आ रही है। इस क्षेत्र के रहवासियों को निस्तारी के लिए पानी खोजने से भी नहीं मिल सकेगा ऐसे हालात नजर आ रहे हैं। मनेंद्रगढ़-कोरिया-बैकुंठपुर जिले के खड़गवां देवाडीह क्षेत्र में हसदो नदी लगभग सूख चुकी है। बतौली, सीतापुर क्षेत्र स्थित मांड नदी भी पूरी तरह सूख चुकी है। रामानुजगंज स्थित कन्हर नदी में भी पानी पूरी तरह सूख चुका है।

**भरे गए 94 गांवों के 249 तालाब**

जिले के भीषण जल संकट और पूरी तरह सूख चुके तालाबों वाले 94 गांवों के 249 तालाबों में निस्तारी के लिए पानी भरा गया है। गांवों से मांग आने की स्थिति में जल संसाधन विभाग द्वारा खारंग जलाशय खूंटाघाट से 21 मार्च से नहरों में पानी छोड़ा गया था। लगातार एक महीने तक पानी छोड़ने के बाद 19 अप्रैल को बांध के गेट बंद किए गए।

**इन बांधों में एक बूंद पानी नहीं**

जिले के 24 बांध ऐसे हैं, जहां पानी की एक बूंद भी नहीं बची है। इन बांधों में तखतपुर के बहतराई, बिरकोना, बमरी, भरनी, धौरामुड़ा, भाड़ी,पोंड़ी-सरवानी, पोंड़ी-गुमा, पौंसरी, कुंआंपाली, सरगाढोढ़ी, डगनियां, बांका, सिरसा, मोंगरा, जैतपुरी, बिटकुली-टारबांध, गोढ़ी, कड़ारबांधा, दगौरी, उड़ेला, वेदपरसदा एवं केकराड़ जलाशय शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### आत्मानंद स्कूल में एडमिशन 5 मई तक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश और हिंदी मीडियम स्कूलों में एडमिशन की तैयारी एक बार फिर शुरू हो गई है। नया सेशन 2025-26 शुरू होने वाला है और इसी को लेकर 10 अप्रैल से आवेदन भरने की प्रक्रिया शुरू हो रही है। आवेदन 5 मई तक किए जा सकेंगे। इस बार कुल 751 स्कूलों में एडमिशन होगा। जिसमें 403 इंग्लिश और 348 हिंदी मीडियम स्कूल शामिल है। अगर किसी स्कूल में सीटों से ज्यादा फॉर्म आएंगे, तो मई के दूसरे हफ्ते में लॉटरी होगी और फिर एडमिशन दिया जाएगा।

### सहायक संचालक उद्योग भर्ती आवेदन 26 तक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने सहायक संचालक उद्योग के 30 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 26 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी है। आयोग ने ये फैसला तकनीकी दिक्कतों के चलते लिया है, क्योंकि कई लोगों को फॉर्म भरने में परेशानी हो रही थी। बिना फीस के करेक्शन की विंडो 27 से 29 अप्रैल 2025 तक खुली रहेगी। फीस देकर बदलाव करना है तो 30 अप्रैल से 2 मई 2025 तक का समय मिलेगा। इसके लिए इंजीनियरिंग करने वाले कैंडिडेट्स इसके लिए एलिजिबल हैं। इसके अलावा एमबीए, पीजीडीएम या फिर औद्योगिक रसायन, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, भौतिकी और रसायन में पोस्ट ग्रेजुएशन वाले भी आवेदन कर सकते हैं।

### अग्निवीर भर्ती आवेदन की तारीख 25 तक

**बिलासपुर।** इंडियन आर्मी जॉइन करने की चाहत रखने वाले युवा अब 25 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमेन (8वीं और 10वीं), महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती, धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों के लिए जारी की गई है। कैंडिडेट अग्निवीर के 2 पदों के लिए अपनी योग्यता अनुसार आवेदन कर सकते हैं। अग्निवीर क्लर्क के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन परीक्षा में टाइपिंग टेस्ट भी देना होगा। ऑनलाइन परीक्षा जून 2025 में होने की संभावना है।

### 15 हजार से ज्यादा मामलों का निराकरण

**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने मंगलवार को साप्ताहिक टीएल बैठक में सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की। अब तक लगभग 15 हजार से ज्यादा आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। उन्होंने दिन रात काम कर आवेदनों के परिणाम मूलक समाधान के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि आवेदनों को अधिकारी स्वयं पढ़ें, समझें और समाधान निकालें। कंप्यूटर ऑपरेटर अथवा बाबू के भरोसे न छोड़ें। गलती से यदि दूसरे विभागों के आवेदन आपकी आईडी में आ गए हैं, तो इसे संबंधित विभागों को तत्काल फॉरवर्ड कर दें। कलेक्टर ने बताया कि 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविर लगेंगे। प्रत्येक 10 पंचायत के बीच एक शिविर आयोजित होगा। नगर निगम क्षेत्रों के 5-6 वार्डों के बीच समाधान शिविर लगेंगे। इन शिविरों में आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी दी जाएगी।

# पारा 43.5 डिग्री, स्कूली बच्चों को राहत, 25 अप्रैल से 15 जून तक छुट्टी




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भीषण गर्मी के मारे झुलस रहे स्कूली बच्चों को आखिरकार सरकार ने राहत दी है। स्कूलों को 25 अप्रैल से 15 जून 2025 तक स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक भीषण गर्मी और लू के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव और खतरे को लेकर कई संगठनों ने मांग की थी। अभिभावकों की ओर से भी इसकी मांग की जा रही थी।

जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी के मुताबिक यह आदेश सभी सरकारी और निजी स्कूलों पर लागू होगा। दूसरी ओर मौसम विभाग के अनुसार अगले 4 दिनों तक उत्तरी छत्तीसगढ़ यानी सरगुजा और आसपास के जिलों में लू चलने का अलर्ट है। वहीं, 23 अप्रैल से 25 अप्रैल तक मध्य छत्तीसगढ़ यानी रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर संभाग के जिलों में भी लू चलने की संभावना है।

मंगलवार को बिलासपुर में दिन का तापमान 43.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, यह सामान्य से 2.6 डिग्री अधिक है। वहीं रात का तापमान 27 डिग्री रहा जो औसत से 2.8 डिग्री ज्यादा है। वहीं गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में दिन का पारा नार्मल टेंपरेचर से 4.7 डिग्री और रात का पारा नॉर्मल से 3 डिग्री ज्यादा बना हुआ था। मौसम विभाग के मुताबिक बिलासपुर संभाग के सभी जिलों में हीट वेव चलने की संभावना भी है।

### घर पहुंचते हुए 12 बज रहा, बीमार पड़ रहे बच्चे

इस भीषण गर्मी में जहां बड़ों को घर से बाहर निकलने में डर लग रहा है तो भारी बस्ता लादे बच्चे क्लास अटेंड कर रहे हैं। खासकर छोटी कक्षा (नर्सरी से लेकर कक्षा 5वीं तक) के बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के कारण क्लासेस जरूर सुबह 7 से 11 बजे तक की गई है, लेकिन सूरज की तपिश तो सुबह 8 बजे से ही लगनी शुरू हो जा रही हैं। बच्चों के स्कूल से लौटने के दौरान समय 11.30 या 12 भी बज जाता है, ऐसे में बच्चों की मुश्किल को समझा जा सकता है। इसलिए ही स्कूलों में गर्मी की छुट्टी की मांग उठने लगी थी। गर्मी की छुट्टी देने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन और छत्तीसगढ़ चेंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज ने भी प्रशासन को पत्र लिखा था। इसमें कहा गया था कि गर्मी के कारण खासकर छोटी कक्षा (नर्सरी से लेकर कक्षा 5वीं तक) के बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### मौसम विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट

गर्मी ने लोगों का जीन मुहाल कर दिया है, एक बाद एक पारा ऊपर जा रहा है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री जा पहुंचा, इस दौरान दोपहर के 1.45 मिनट पर लोगों को गर्मी के 45 डिग्री पहुंचने का एहसास हो गया और मोबाइल पर वेदर रिपोर्ट 45 डिग्री के आसपास ही दर्ज किया गया। खास बात यह है कि सूरज की तपिश और लू के थपेड़ों ने लोगों झुलसने को मजबूर कर दिया। इस दौरान शाम 8 बजे तक गर्म हवा चलती रही और लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल सकी है।

- भीषण गर्मी के चलते शाम 8 बजे तक लू रही चलती

प्रचंड गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग ने यलो एलर्ट जारी कर दिया है, वहीं दोपहर 12 से 4 बजे के बीच बाहर निकलने से पहले सतर्कता बरतने की हिदायत भी दी है। मंगलवार को प्रदेश के साथ ही जिले का तापमान अधिकतम का पारा छू गया। इस दौरान पारा 43.5 डिग्री दर्ज किया गया, वहीं लोगों को लगने लगा है कि आने वाले दो चार दिनों में पारा 45 पार कर जाएगा। मौसम विभाग भी इसकी पुष्टि कर रहा है। मौसम विभाग ने साफ तौर पर कहा है कि आगामी तीन दिन तापमान और भी बढ़ सकते हैं। दोपहर 12 से 4 बजे तक धूप में सन बर्न का खतरा बना हुआ है, ऐसे में लोग धूप से बचने की जुगत लगा रहे हैं, लेकिन यह जुगत भी काम नहीं आ रहा है और लोग धूप में झुलस रहे हैं।



| | |
|---|---|
| 22 अप्रैल 2015 | 43 डिग्री |
| 17 अप्रैल 2016 | 44.7 डिग्री |
| 22 अप्रैल 2017 | 45 डिग्री |
| 20 अप्रैल 2018 | 43 डिग्री |
| 29 अप्रैल 2019 | 44.6 डिग्री |
| 17 अप्रैल 2020 | 41.4 डिग्री |
| 29 अप्रैल 2021 | 42.8 डिग्री |
| 28 अप्रैल 2022 | 44.6 डिग्री |
| 18 अप्रैल 2023 | 43.4 डिग्री |
| 19 अप्रैल 2024 | 42.4 डिग्री |

**इन जिलों में हीट वे की हालत**

मौसम विभाग ने 23 से 25 अप्रैल के बीच रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और राजनांदगांव में हीट वे चलने की आशंका व्यक्त की है। मंगलवार को रायपुर का तापमान प्रदेश में सर्वाधिक दर्ज किया गया, यहां पारा 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। खास बात यह है कि दिन के साथ ही रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है।

### टूट सकता है 10 साल का रिकार्ड

जिस तरह से अप्रैल माह में गर्मी पड़ रही है, उस तरह से पिछले 10 सालों का रिकार्ड टूट सकता है। साल 2017 में 22 अप्रैल को पारा 45 डिग्री के पार चला गया था। इस साल गर्मी और लू के थपेड़ों के चलते यह रिकार्ड टूट भी सकता है। मौसम विभाग के अधिकारी अगले 3 दिनों में तापमान बढ़ने की आशंका व्यक्त कर रहे है।

**सीजीपीएससी घोटाला**

# पूर्व चेयरमैन सोनवानी को हाईकोर्ट से नहीं मिली जमानत

**बिलासपुर।** सीजीपीएससी घोटाला केस में फंसे पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी की जमानत अर्जी को हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। जस्टिस बीडी गुरु की सिंगल बेंच ने 17 अप्रैल को सोनवानी की जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। जिस पर मंगलवार को आदेश जारी किया गया। ध्यान रहे कि इस पूरे मामले की जांच फिलहाल सीबीआई कर रही है। पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी, नितेश सोनवानी और पूर्व डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर ललित गनवीर जेल में बंद हैं



- फिलहाल जेल में बंद हैं आरोपी अधिकारी

सीजीपीएससी की 2020-2021 की भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए भाजपां के वरिष्ठ नेता ननकीराम कंवर ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगाई थी। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों की सूची भी हाईकोर्ट को दी थी। जिसमें नेता, अधिकारी और रसूखदार कारोबारियों के रिश्तेदारों के चयन की बात थी। भाजपा सरकार ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपी। सीबीआई के मुताबिक सोनवानी के कार्यकाल में पीएससी में हुई भर्ती में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है। आरोप है कि, उन्होंने अपने कई करीबी रिश्तेदारों और कांग्रेस नेताओं और अधिकारियों के 18 रिश्तेदारों की नौकरी लगवाई है। जांच में पैसों के लेन-देन के पुख्ता सबूत मिले हैं। ईओडब्ल्यू और पुलिस ने भी भ्रष्टाचार-अनियमितता के आरोप में केस दर्ज किया है।

# बिना सुनवाई रिकवरी, कर्मचारी को वसूली राशि लौटाने का आदेश

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में स्पष्ट किया है कि जांच और सुनवाई का अवसर दिए बिना वसूली आदेश वैधानिक नहीं माने जा सकते। कोर्ट ने उद्यानिकी विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी विनायक मानपुरे के वेतन से की गई करीब 7 लाख रुपए की वसूली को अवैध ठहराते हुए आदेश को रद्द कर दिया और राज्य शासन को वसूल की गई राशि लौटाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करना प्रत्येक विभाग की नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी है।

- वसूली आदेश को अवैध ठहराते हुए किया रद्द

याचिका के मुताबिक विनायक मानपुरे उद्यानिकी विभाग में पदस्थ थे। सेवा काल के दौरान विभाग ने बिना किसी जांच और प्रक्रिया के करीब 7 लाख रुपए की वसूली कर ली। इसके बाद, जब वे 2020 में सेवानिवृत्त हुए, तब उनके विरुद्ध 9 लाख रुपए का अतिरिक्त ब्याज आरोपित कर दिया गया और उनकी ग्रेच्युटी व अन्य सेवानिवृत्त लाभों पर रोक लगा दी गई। इस कार्रवाई के खिलाफ विनायक मानपुरे ने अधिवक्ता सुशोभित सिंह के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की। याचिका में कहा गया कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम 16 के तहत कोई भी वसूली आदेश तब तक पारित नहीं किया जा सकता जब तक कि कर्मचारी को सुनवाई का अवसर न दिया गया हो।

22 APRIL- BSP-PG-2_Layout 1 4/23/2025 12:17 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### श्री पीतांबरा पीठ में स्वामी विशोकानंद भारती महाराज का सत्संग आज



**बिलासपुर।** श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर सुभाष चौक सरकंडा छत्तीसगढ़ में 23 अप्रैल बुधवार को एक दिवसीय सत्संग का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर महानिर्वाणी पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद भारती महाराज के श्रीमुख से सत्संग का रसपान शाम 4 से 6 बजे तक कराया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इसका लाभ प्राप्त कर जीवन को धन्य बनाने की अपील की गई है। यह जानकारी व्यवस्थापक ब्रह्मचारी मधुसूदन पाण्डेय ने दी।

### हमीदा छग अल्पसंख्यक विभाग के विधि प्रकोष्ठ की प्रभारी नियुक्त



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी द्वारा छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बिलासपुर की वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व एडवोकेट जनरल पूर्व रोटरी क्लब अध्यक्ष हमीदा सिद्दीकी को छग अल्पसंख्यक विभाग के विधि प्रकोष्ठ (विधि सेल) का प्रभारी नियुक्त किया गया है। हमीदा सिद्दीकी की सामाजिक सक्रियता और कानूनी क्षेत्र में लंबी सेवाओं को देखते हुए यह नियुक्ति संगठन के लिए एक सशक्त कदम माना जा रहा है। उनकी नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है।

### शोभा टाह फाउंडेशन का अक्षय तृतीया पर कन्यादान महायज्ञ




**बिलासपुर।** निर्धन परिवारों की बेटियों के सम्मानजनक विवाह के उद्देश्य से शोभा टाह फाउंडेशन द्वारा लगातार 11 वर्षों से अक्षय तृतीया पर कन्यादान महायज्ञ का आयोजन इस वर्ष जग्गनाथ मंगलम पुराना बस स्टैण्ड में सम्पन्न होगा। आज कार्यक्रम की तैयारियों की रूपरेखा के लिए फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल टाह ने जगन्नाथ मंगलम में बैठक रखी थी। साथ ही रजिस्ट्रेशन कराए गए सभी जोड़ों को उनके विवाह के वस्त्र व श्रृंगार सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल टाह व सदस्यों के साथ इस आयोजन के सहयोगी मौजूद थे।

### स्वास्थ्य सचिव ने रतनपुर स्वास्थ्य केंद्र को मॉडल केंद्र बनाने के दिए निर्देश




**बिलासपुर।** स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया मंगलवार को रतनपुर सीएचसी का निरीक्षण किया। उन्होंनें अधिकारियों को रतनपुर स्वास्थ्य केन्द्र को मॉडल स्वास्थ्य केन्द्र बनाने का निर्देश दिया। इस दौरान स्वास्थ्य सचिव ने एनआरसी शाखा, वार्ड, आपरेशन थियेटर, सोनोग्राफी आदि का अवलोकन किया। मालूम हो कि रतनपुर स्वास्थ्य केन्द्र में गर्भवती महिलाओं का सीजेरियन डिलीवर और प्रसव कराने के लिए आपरेशन थियेटर बनकर तैयार और लोगों को इसकी सुविधा मिल रही है। इस अवसर पर राज्य कार्यालय के डॉ. सुरेन्द्र पामभोई, सीएमएचओ डॉ. प्रमोद तिवारी, डीपीएम पीवली मजूमदार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर फुटकर व्यापारियों पर कार्रवाई



**बिलासपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सघन कार्रवाई की जा रही है। साथ ही साथ वाहन चालकों एवं अन्य लोगों को यातायात पेट्रोलिंग, क्रेन एवं पॉइंट ड्यूटी के अधिकारियों कर्मचारियों से लगातार अपील, समझाइए एवं निर्देश भी दिए जा रहे हैं। फिर भी वाहन चालक, दुकान संचालक, फुटकर व्यापारी कठोर कार्रवाइयों के बावजूद भी अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध यातायात पुलिस ने 22 अप्रैल को अपने पूरे पुलिस अधिकारी कर्मचारी के दल बल के साथ कार्रवाई रैली निकाली। शहर के प्रमुख चौक, चौराहे और प्रमुख मार्गो से होते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों, फुटकर व्यापारियों एवं दुकान संचालकों के विरुद्ध कठोर एवं सघन कार्रवाई की गई। कार्यवाही रैली सुबह 6 बजे से यातायात मुख्यालय में एकत्रित हो गए थे। जिन्हें प्रत्येक बिंदुओं के बारे में प्रॉपर ब्रीफिंग करने के पश्चात यातायात मुख्यालय से रवाना कर सर्वप्रथम सत्यम चौक से प्रारम्भ कर शहर के मुख्य मार्ग और सभी चौक चौराहे पर सघन कार्रवाई की गई।

### राष्ट्रीय सेवा रत्न अवार्ड के लिए आवेदन 30 मई तक

**बिलासपुर।** विश्व सेवा परिषद् द्वारा राष्ट्रीय सेवा रत्न अवार्ड देने 30 मई तक आवेदन मंगाए गए हैं। इसके लिए शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, सामाजिक, सांस्कृतिक व अन्य सेवाभावी क्षेत्रों के विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए सरकारी/ गैर सरकारी व्यक्तियों, संस्थाओं, समाजसेवी आवेदन कर सकते हैं। सरकारी क्षेत्र के व्यक्ति व संस्था अपने वरिष्ठ विभागीय, अधिकारी से और गैर सरकारी क्षेत्र के व्यक्ति व संस्था मुखिया, वार्ड पार्षद, मेयर, विधायक, सांसद में से किन्हीं एक से अपने कार्यों की अनुशंसा कराना जरूरी है। पूरी जानकारी डॉ. बीबी राज, अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, विश्व सेवा परिषद प्रधान कार्यालय -कमड़े, रातु रोड, रांची-835222 भेजना होगा।

---

**रायगढ़ से कोतरलिया स्टेशन के बीच चौथी लाइन का काम जारी** | **आनलाइन बुकिंग मिलाकर दो करोड़ से अधिक का रिफंड**

# 36 ट्रेनें रद्द : 11 दिन में बुकिंग काउंटर से 40 लाख का रिफंड

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन के रायगढ़ से कोतरलिया रेलवे स्टेशन के बीच चौथी लाइन का काम करने के कारण यात्री ट्रेनों को रद्द करने के साथ उन्हें टिकिट की पूरी राशि रिफंड की जा रही है। इस दौरान पिछले 11 दिन के अंतराल में बिलासपुर के बुकिंग काउंटर से ही यात्रियों को 40 लाख रुपए की टिकिट रिफंड की गई है, जिसमें आनलाइन बुकिंग मिलाकर रिफंड का आंकड़ा दो करोड़ से अधिक का हो चुका है।

एसईसीआर के बिलासपुर, रायपुर और नागपुर तीनों डिवीजन में अधोसंरचना यानि तीसरी और चौथी लाइन के साथ अन्य कार्य पिछले पांच साल से किया जा रहा है। इस पांच साल के दौरान 8 हजार से अधिक यात्री ट्रेनों को रेल प्रशासन ने रद्द किया है। इन ट्रेनों में हावड़ा-मुम्बई रूट के अलावा कटनी, नई दिल्ली और अन्य मेट्रो स्टेशन की ओर आने-जाने वाली ट्रेनें भी शामिल हैं, जिसमें डेढ़ करोड़ से अधिक यात्रियों का सफर प्रभावित हुआ है। रेलवे बोर्ड के नियमानुसार किसी भी रूट की ट्रेनें तीन घंटे से अधिक विलंब या फिर अचानक रद्द की जाए, तो उसमें स्लीपर और एसी कोच के सफर करने वाले यात्रियों को बुकिंग की पूरी राशि वापस करने का नियम बनाया गया है। इस नियम के तहत यात्रियों को राशि रिफंड भी की गई, लेकिन उनको होने वाली परेशानी को रेल प्रशासन ने दूर नहीं किया। इसी तरह का हाल वर्तमान में भी हो रहा है। रेल प्रशासन ने बिलासपुर डिवीजन अंतर्गत रायगढ़ से कोतरलिया के बीच चौथी लाइन और यार्ड मॉडिफिकेशन करने के नाम पर हावड़ा-मुम्बई की मुख्य ट्रेनें, लोकल, पैसेंजर सहित 36 ट्रेनों के पहियों को रोक दिया है। यह सभी ट्रेनें 11 अप्रैल से रोकी गई है, जिसके पहिए 25 अप्रैल तक थमे रहेंगे। इन ट्रेनों में बिलासपुर डिवीजन के रायगढ़ से लेकर बिलासपुर और अन्य स्टेशनों के लाखों लोग सफर करने वाले थे, जिन्होंनें आनलाइन के साथ आफलाइन यानि काउंटर बुकिंग भी किया था। रेलवे ने ट्रेनों को रद्द करने के साथ सभी यात्रियों को टिकिट की पूरी राशि रिफंड करना शुरु कर दिया है। इसमें बिलासपुर डिवीजन के भी यात्री शामिल हैं, जिन्हें 11 से 21 अप्रैल यानि 10 दिन के अंतराल में बुकिंग काउंटर से 40 लाख रुपए की टिकिट की राशि वापस की गई है।

### रेलवे को नुकसान नहीं

रेलवे जानकारों का कहना है कि यात्री गाड़ियों को रद्द करने से रेल प्रशासन को किसी तरह का नुकसान नहीं होता है। वर्तमान में जिस स्थान पर चौथी लाइन और यार्ड मॉडिफिकेशन का कार्य किया जा रहा है, वहां पहले से ही तीन लाइन बनी हुई है। इन तीनों लाइन पर अहमदाबाद, मालदा टाउन एक्सप्रेस के अलावा मालगाड़ियों को धड़ल्ले से चलाया जा रहा है। यात्री गाड़ियों को चलाने से रेलवे को काफी नुकसान होता है, लेकिन रिफंड करने के बाद संबंधित रेल लाइन पर मालगाड़ी चलाकर रेलवे एक बार में 36 ट्रेनों के यात्रियों को रिफंड की गई राशि की कमाई कर लेती है।



### डिवीजन में रिफंड की गई राशि

| दिनांक | यात्री | राशि |
|---|---|---|
| 11 अप्रैल | 686 | 388500 |
| 12 अप्रैल | 647 | 355985 |
| 13 अप्रैल | 584 | 350262 |
| 14 अप्रैल | 651 | 480380 |
| 15 अप्रैल | 783 | 499090 |
| 16 अप्रैल | 654 | 397090 |
| 17 अप्रैल | 713 | 449330 |
| 18 अप्रैल | 656 | 265230 |
| 19 अप्रैल | 690 | 212975 |
| 20 अप्रैल | 528 | 273285 |
| 21 अप्रैल | 596 | 241400 |
| टोटल | 7188 | 3913527 |

### आनलाइन का आंकड़ा मिलाकर 2 करोड़

आरक्षण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर डिवीजन के रायगढ़, कोतरलिया, चांपा, अकलतरा सहित बिलासपुर स्टेशन से गुजरने वाली हावड़ा-मुम्बई की मुख्य ट्रेनें आजाद हिंद, गीतांजली, शालीमार सहित अन्य ट्रेनें रद्द की गई हैं। इसके अलावा मेल और दूरंतों जैसी ट्रेन को डायवर्ट किया गया है। आरक्षण कार्यालय से अधिक बुकिंग यात्री आनलाइन कर रहे हैं। आरक्षण कार्यालय में जहां 40 लाख रुपए की टिकिट रिफंड की गई है, वहीं अब तक आनलाइन बुकिंग करने वाले यात्रियों के खाते में डेढ़ करोड़ से अधिक राशि वापस की जा चुकी है। यह आंकड़ा चार दिन में और अधिक बढ़कर 5 से 6 करोड़ का हो सकता है।

---

**सड़क पर पड़ चुकी है दरार, डिवाइडर भी हो गए चोरी, कभी भी हो सकती है दुर्घटना**

# तिफरा-पेंड्रीडीह सड़क बदहाल, पीडब्ल्यूडी ने भेजा प्रस्ताव, अटकी फाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर और रायपुर को जोड़ने वाली तिफरा-पेंड्रीडीह सड़क बदहाल है। सड़क पर पड़ चुकी दरारों के चलते आवाजाही में खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। खास बात यह है कि सड़क पर लगे डिवाइडर भी चोरों के निशाने पर है, लोहे की रैलिंग चोरी हो चुकी है, जिससे सड़क की बदहाली साफ तौर पर देखी जा सकती है।

नेशनल हाईवे 130 की सड़कों का हाल काफी जर्जर हो चुका है। बिलासपुर से लेकर पेंड्री चौक तक के फोरलेन सड़क की हालत इससे भी ज्यादा खस्ताहाल है। साल 2010 में बने इस फोरलेन के रखरखाव का ध्यान नहीं दिया जा रहा है, नतीजतन सीसी सड़क में दरार आ चुकी है और इन दरारों के कारण वाहनों को चलने में आरामदायक सफर भी काफी मुश्किल भरा लगता है। रोजाना भारी भरकम हजारों वाहन सड़क से गुजरते हैं और राजधानी रायपुर से बिलासपुर को जोड़ने वाली इस सड़क का हाल कई सालों से एक सा है। पीडब्ल्यूडी ने सड़क के लिए 30 करोड़ रूपए का स्टीमेट भेजा है, लेकिन इसकी फाइल मंत्रालय से स्वीकृत नहीं हो सकी है, जिसके चलते सड़क जस की तस है।



बिलासपुर और रायपुर को जोड़ने वाली तिफरा-पेंड्रीडीह सड़क पर पड़ी दरार, दुर्घटना को दे रही आमंत्रण।

### पीडब्ल्यूडी को हैंडओवर

नेशनल हाईवे प्राधिकरण ने सड़क का निर्माण कराया था, लेकिन साल 2020 में सड़क पीडब्ल्यूडी को हैंडओवर हो चुकी है। सीसी सड़क में पड़ी दरार को विभाग तारकोल के घोल से भरने की कोशिश कर चुका है, लेकिन घोल तापमान के चलते पिघल रहा है। जिससे सड़क पर दरार दिख रही है। सड़कों की खस्ता हालत से दुपहिया वाहन चालक परेशान हैं। बाइक के टायर दरारों में पड़ने से हादसों में इजाफा हो रहा है। आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं।

### दरार की वजह से हो रहे हादसे

राजधानी रायपुर की ओर से बिलासपुर आने वाली सड़क पेंड्रीडीह चौक तक सिक्स लाइन है। जबकि पेंड्रीडीह से तिफरा बिलासपुर तक फोरलेन की सड़क है। राहगीरों की माने तो यह जर्जर सड़क जोखिम भरी है। जिस पर चलना हथेली पर जान लेकर चलने के बराबर है। मार्ग में पड़ने वाले चकरभाटा में रोजाना इन दरारों के चलते हादसे दर्ज हो रहे हैं।

### बजट में किया गया है प्रावधान

सड़क बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन स्वीकृति नहीं मिली है। बजट में प्रावधान किया गया है। स्वीकृति मिलने के बाद काम शुरू किया जाएगा।

**-केपी संत**, अधीक्षण यंत्री, पीडब्ल्यूडी

---

बिजनेस प्लस

### धीरा स्काईला में ऑन स्पॉट बुकिंग पर पाएं होंडा एक्टिवा फ्री 26 तक



**बिलासपुर।** सकरी रोड स्थित जैन इंटरनेशनल स्कूल के पास बन रहा प्रीमियम आवासीय प्रोजेक्ट धीरा स्काईला शहरवासियों को एक बेहतरीन जीवनशैली देने के लिए तैयार है। इस 8 मंजिला अपार्टमेंट में 72 आधुनिक 3 बीएचके फ्लैट्स उपलब्ध हैं। अब तक 50% फ्लैट्स की बुकिंग हो चुकी है। ग्राहकों की उत्साही प्रतिक्रिया को देखते हुए डेवलपर्स ने बुकिंग की अंतिम तिथि बढ़ाकर 26 अप्रैल शनिवार तक कर दी है। इसके डायरेक्टर ने प्रोजेक्ट की विशेषता बताते हुए कहा कि इसमें 3 बीएचके स्पेशियस फ्लैट्स, 24 बाई 7 बिजली व सुरक्षा, इंडोर जिम, स्विमिंग पूल, गार्डन, बैंक्वेट हॉल, 3 हाई-स्पीड लिफ्ट्स, टेरेस गार्डन (9वीं मंजिल पर) बिलासपुर में पहली बार तीन दिशाओं से खुला आकाश और प्राकृतिक वातावरण मिलेगा। इसके अलावा फायनेंस सुविधा उपलब्ध । 25% डाउन पेमेंट पर बुकिंग । 75% बैंक फाइनेंस पजेशन 33 महीनों के भीतर दिया जाएगा। प्रोजेक्ट के डेवलपर्स राजकुमार खुशालानी (राजू), भूपेंद्र सिंह और संचित नाथानी ने बताया कि धीरा स्काईला एक ऐसा प्रोजेक्ट है जहां आधुनिकता और प्रकृति का सुंदर समन्वय है। फ्लैट्स की बुकिंग के लिए ग्राहकों को बेहतर ऑफर्स और आसान फाइनेंसिंग विकल्प दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ग्राहकों की सुविधा के लिए एचडीएफसी, एसबीआई और एलआईसी जैसे प्रतिष्ठित बैंकों से 80% तक फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध है। जिससे घर खरीदना और भी आसान हो गया है। बुकिंग मेला 26 अप्रैल तक बुकिंग मेले का आयोजन प्रोजेक्ट साइट पर किया जा रहा है, जहाँ इच्छुक ग्राहक फ्लैट्स की विजिट कर बुकिंग करा सकते हैं।

---

### विजयापुरम कालोनी में भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा

- श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर लिए आशीर्वाद, की मंगल कामना



**बिलासपुर।** सरकंडा सीपत रोड आवासीय कालोनी में विजया रिजेंसी वेलफेयर सोयायटी द्वारा विजया रिजेंसी परिसर में 19 एवं 20 अप्रैल को विधि विधान से कलश यात्रा, वेदी पूजन, प्राण प्रतिष्ठा, हवन भंडारा, महाआरती एवं भजन संध्या के साथ भगवान शिव की मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह पुजारी पंडित संजय शुक्ला द्वारा संपन्न कराया गया।

पूजा के दौरान यजमान अशोक आहुजा एवं मीना आहुजा ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान विजयापुरम कालोनी एवं विजया रिजेसी के सभी निवासी सपरिवार उपस्थित रहे। दो दिवसीय आयोजन में पूरा माहौल शिवमय रहा। भजन संध्या खैरागढ़ के सुगम शिवालय द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसका आनंद सभी लोगों ने लिया प्राण प्रतिष्ठा समरोह में आधारशिला बिल्डर्स के संचालक एवं विधायक कोटा अटल श्रीवास्तव संचालक डा. अजय श्रीवास्तव सपरिवार शामिल हुए। कालोनी के आर के साहू, रघु मेमन, एम सूर्यनाराणय राव, एस सूर्यनाराणय राव, सारव बाटवे, नीना सिंह, चंदा बंसल, निवास राव, जागेश्वर वर्मा, डां. मनोज राय, भारत बिन, बीसी मिश्रा, प्रो. डीपी साहू, महाचंद झा, साईद गौरी, बजेश गारहा, अदित्य नाथ झा, राज कुमार कैवर्त, पीयूष मिश्रा, उदय सोनी राव, कुडू, प्रमोद नायक, अरूण त्रिवेदी, शीतल जयसवाल, अभिषेक मिश्रा, घनश्याम शुक्ला, हेमंत गमनानी, हरिभाई आयन, संदीप शर्मा, अक्षय जैन, सुरेन्द्र तिवारी, अखिलेश केशरवानी, वीरेन्द्र पटेल, मो. फिरोज मेमन, रोहित साहू, दिलीप शर्मा, लोकेश वर्मा एवं विकास शुक्ला, मुकेश आदि मौजूद थे।

### आईटीआई के अधिकारी कर्मचारियों ने दिया धरना

- मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर।** छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के बैनर तले आईटीआई के अधिकारी कर्मचारी साथियों की नियुक्ति संबंधी समस्याओं का निराकरण करने 21 अप्रैल सोमवार को रायपुर में प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन एवं रैली का आयोजन कर मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री के नाम कलेक्टर रायपुर को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में संघ ने बताया कि राज्य एक ओर सुशासन तिहार मना रहा है वहीं दूसरी ओर राज्य भर के आईटीआई के 723 प्रशिक्षण अधिकारियों को नौकरी के 12 वर्षों के पश्चात नौकरी से निकालने के लिए आरोप पत्र जारी किया जा रहा है। इससे पूर्व इन्हें 6 अक्टूबर 2021 को भर्ती में आरक्षण नियम का पालन नहीं होने पर सेवा समाप्ति का नोटिस दिया गया था। प्रशिक्षण अधिकारियों का कहना है कि पूर्व में दिए गए नोटिस को उच्च न्यायालय बिलासपुर ने खारिज किया। साथ ही उच्चतम न्यायालय दिल्ली ने भी प्रशिक्षण अधिकारियों के पक्ष में फैसला दिया है। परन्तु शासन द्वारा पुनः उसी मुद्दे पर इस प्रकार से आरोप पत्र देना न केवल उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेशों की अवहेलना है वरन उच्चतम न्यायालय दिल्ली द्वारा पारित आदेशों का भी उल्लंघन है। आज के प्रदर्शन में छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के अध्यक्ष कमल वर्मा, छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की ओर से प्रदेश अध्यक्ष जीआर चंद्रा, संभाग अध्यक्ष ओम त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष रायपुर पीतांबर पटेल, जिला सचिव बिलासपुर, किशोर शर्मा, हिमाचल साहू, राजेंद्र अवस्थी, आनंद श्रीवास्तव , गोविंद मानिकपुरी, बीपी शर्मा आदि मौजूद थे।

### बर्जेस अंग्रेजी स्कूल के अकुल जेईई मेंस में संभाग में प्रथम



**बिलासपुर।** बर्जेस इंग्लिश स्कूल के छात्र अकुल सोनी ने जेईई मेंस परीक्षा में 99.84 पर्सेंटाइल हासिल कर अखिल भारतीय स्तर पर 472वीं रैंक प्राप्त की है। इस शानदार उपलब्धि से अकुल ने न केवल अपने विद्यालय का, बल्कि पूरे शहर और संभाग का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता पर विद्यालय में विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

छग डायोसिस बोर्ड ऑफ एजुकेशन के सचिव जयदीप रॉबिन्सन ने अकुल का सम्मान करते हुए कहा कि बर्जेस स्कूल के छात्र निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। हमें गर्व है कि ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थी हमारे संस्थान का हिस्सा हैं। विद्यालय परिवार सदैव ऐसे छात्रों को हरसंभव सहयोग देता है। विद्यालय की प्राचार्या निशिता हंसा दास ने अकुल की सफलता पर कहा कि अकुल कक्षा एक से ही हमारे विद्यालय का छात्र रहा है। उसकी मेहनत, अनुशासन और लगन ने आज उसे इस ऊंचाई तक पहुंचाया है। सम्मान समारोह के दौरान अकुल सोनी को शाल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अकुल ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि बिना गुरु के कोई भी उपलब्धि संभव नहीं। मैं सौभाग्यशाली हूँ कि मुझे इतनी समर्पित शिक्षकों से मार्गदर्शन मिला। जो विद्यार्थी इस विद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, वे निश्चित ही एक सशक्त आधार पर खड़े हैं। बस मेहनत जारी रखें, सफलता अवश्य मिलेगी।

---

**सी-केयर्स पोर्टल को और अधिक प्रभावी बनाने दिया जोर**

# पीएफ-पेंशन मामले को लेकर एसईसीएल निदेशक ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके परिजनों को हरसंभव सहायता मिलेगी

एसईसीएल के निदेशक (एचआर) बिरंची दास ने 22 अप्रैल को कंपनी मुख्यालय बिलासपुर में पीएफ- पेंशन से संबंधित मामलों के शीघ्र एवं सुगम निपटान के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण बैठकें कीं।

प्रथम बैठक में सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सीडेक) तथा सीएमपीएफओ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए श्री दास ने सी कारेस पोर्टल के माध्यम से पीएफ-पेंशन मामलों का न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान की जाए। बैठक में सी- कारेस पोर्टल के तकनीकी एवं प्रायोगिक पहलुओं की समीक्षा कर उसमें सुधार करने सुझाव दिए। पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया ताकि यह और अधिक सुलभ, भरोसेमंद व परिणामकारी बन सके।



क्षेत्रीय अफसरों से चर्चा करते एसईसीएल के निदेशक (एचआर) बिरंची दास।

### सीएमपीएफ़ओ को लेकर क्षेत्रीय अफसरों से चर्चा

दूसरी बैठक में श्री दास ने सीएमपीएफ़ओ बिलासपुर एवं जबलपुर के क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ चर्चा की। इसमें सीएमपीएफ़ नंबर अलॉटमेंट, पेंशन पेमेंट ऑर्डरएवं संशोधित पीपीओ जारी करने की प्रक्रियाओं में बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विधवा पेंशन, पुराने लंबित पीएफ प्रकरण, संशोधित पीपीओ तथा एनसीडब्ल्यू-11 के लागू होने के पश्चात पेंशन पुनरीक्षण से जुड़े मुद्दों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। श्री दास ने कहा कि पेंशन लाभार्थियों को इन प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक करना भी उतना ही आवश्यक है, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते हुए समय पर लाभ प्राप्त कर सकें।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में रीजनल कमिश्नर 1 हरी पचौरी हैदराबाद, जॉइंट डायरेक्टर सीडेक बैंगलोर मोहित वेद, रीजनल कमिश्नर - 1 सीएमपीएफ़ओ बिलासपुर जेएस राय, रीजनल कमिश्नर - 2 सीएमपीएफ़ओ जबलपुर पीके जैन सहित एसईसीएल के विभिन्न संचालन क्षेत्रों के एचआर अधिकारियों एवं मुख्यालय के अधिकारी मौजूद थे।

### ओबीएचएस ड्रेस पहनाकर ट्रेन में कराया सफर, पकड़े गए स्टाफ



**बिलासपुर।** हीराकुंड एक्सप्रेस में कामर्शियल विभाग के अचानक की गई जांच के दौरान ओबीएचएस स्टाफ तीन व्यक्तियों को ड्रेस पहनाकर सफर करा रहा था, जिसके लिए उसने तीनों से राशि भी ली थी। जांच और पूछताछ के बाद कामर्शियल अधिकारियों ने दो ओबीएचएस सुपरवाइजर को आरपीएफ के हवाले कर दिया है, जिनके खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। वरिष्ठ मंडल प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर अनाधिकृत वेंडरों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से मंडल वाणिज्य प्रबंधक एस भारतीयन के नेतृत्व में वाणिज्य निरीक्षक, वाणिज्य पर्यवेक्षक व टीम ने जांच अभियान चलाया। इस अभियान में 24 अनाधिकृत वेंडरों को पकड़कर 32405 रुपए का जुर्माना कर आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई की गई। इसके अलावा हीराकुंड एक्सप्रेस में एक गंभीर अनियमितता का भी खुलासा हुआ। ट्रेन में कार्यरत ओबीएचएस सुपरवाइजर तीन व्यक्तियों को अवैध रूप से सफर करा रहे थे।

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, बुधवार 23 अप्रैल 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




भारत माता आंग्ल माध्यम शाला में ईको क्लब के छात्र-छात्राओं ने अर्थ डे पर फ्यूल फ्री डे का आयोजन किया।

आयोजन

## दुर्घटना में रोड इंजीनियरिंग, ट्रैफिक एजुकेशन, इंफोर्समेंट को बढ़ावा



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय द्वारा भूतल परिवहन मंत्रालय और उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में दो दिवसीय सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा विषय को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान चित्रकला और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में जिला पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह और यातायात पुलिस अधीक्षक राम गोपाल करियारे उपसस्थि रहे। कार्यक्रम के प्रथम दिन विभिन्न कालेजों के स्वयं सेवकों ने सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा विषय पर चित्रकला और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन सड़क सुरक्षा को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अन्य दुर्घटना की अपेक्षा सड़क दुर्घटना में मौत की संख्या बढ़ रही है। सड़क पर खून की बूंद न गिरे इसके लिए हमें मिलकर प्रयास करना चाहिए। इसके लिए यातायात सुरक्षा आम जनता में चेतना पैदा करने के लिए कम्युनिटी इन्वॉलमेंट को बढ़ाने देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के तीन महत्वपूर्ण कारक होते हैं, जिसमें रोड इंजीनियरिंग, ट्रैफिक एजुकेशन और ट्रैफिक इंफोर्समेंट शामिल हैं। इस अवसर पर यातायात पुलिस अधीक्षक रामगोपाल, कुलपति प्रो. अरुण दिवाकर नाथ बाजपेई ने भी संगोष्ठी को संबोधित करते हुए यातायात के नियमों की अनदेखी नहीं करने पर जोर देते हुए स्वयं सेवकों और कार्यक्रम अधिकारी को समाज को प्रशिक्षित करने प्रेरित किए।

जागरूकता

## बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाने दिखानी होगी सही दिशा




**बिलासपुर।** बिलासपुर पुलिस द्वारा संचालित चेतना अभियान के तहत आओ संवारे कल अपना का शुभारंभ ग्राम महमंद में किया गया। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को नशे एवं मोबाइल की लत से दूर रखकर उन्हें खेलकूद, अनुशासन और सकारात्मक जीवन मूल्यों की ओर प्रेरित करना है ताकि उनके मानसिक, शारीरिक और नैतिक विकास को मजबूती मिल सके। अभियान का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज का युवा हमारा भविष्य है, लेकिन यह भविष्य तभी उज्ज्वल होगा जब हम उन्हें समय रहते सही दिशा दिखाएं। नशा, अपराध और मोबाइल की लत बच्चों को गुमराह कर रही है। ऐसे समय में, खेलकूद, अनुशासन और सामूहिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर हम उन्हें सशक्त और जिम्मेदार नागरिक बना सकते हैं। पुलिस केवल कानून व्यवस्था ही नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों में भागीदारी भी हमारी प्राथमिकता है। अर्चना झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने कहा कि बच्चों के जीवन में तकनीक का उपयोग सीमित और विवेकपूर्ण होना चाहिए। जब बच्चे अपने खाली समय को खेल, कला या अन्य रचनात्मक गतिविधियों में लगाते हैं, तब वे आत्मविश्वासी और अनुशासित बनते हैं। यह अभियान इसी सोच पर आधारित है कि बच्चों को सकारात्मक विकल्प उपलब्ध कराए जाएं, जिससे वे स्वयं नशे, अपराध और डिजिटल लत से दूर रहें।

धर्म-क्षेत्र

## संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा निकाली गई कलश यात्रा



**बिलासपुर।** ग्राम लोखंडी में सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया गया है। इसके प्रथम दिवस एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें गांव की महिलाओं ने पीले वस्त्र में उत्साह से भाग लिया। कथा के दूसरे दिन मंगलवार को कथा वाचक आचार्य हेमंत पाण्डेय ने कथा महात्मय, भक्ति नारद संवाद की कथा पर प्रकाश डाला। तीसरे दिवस बुधवार को महाभारत चरित्र, कुंती-भीष्म स्तुति, परीक्षित जन्म, सुखदेव आगमन की कथा पर प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने मुख्य यजमान पुरूषोत्तम, सरोज गढ़ेवाल, विनय, सती गढ़ेवाल, संतोष, उमारानी गढ़ेवाल, राम प्रताप, राधा पटेल, डानिल, अंजलि गढ़ेवाल के साथ समस्त ग्राम वासियों का सहयोग मिल रहा है। वहीं श्री विहार सरकंडा स्थित शारदाश्री गार्डन में बुधवार 23 अप्रैल से श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया गया है। इसके पहले दिन बाजे-गाजे के साथ एक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कथा व्यास भागवत भूषण पं. अनिल शर्मा कोसला द्वारा वेदी स्थापना करा कर कथा आरंभ किया जाएगा। गुरुवार 24 अप्रैल को कपिल अवतार, ध्रुव चरित्र पर कथा होगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से आरंभ होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने रामसेवक शर्मा, शिरोमणि, इंदिरा शर्मा, सूर्यकांत, मनीषा, रविकांत, सुप्रिया शर्मा सहित पूरे परिवार के लोग जुटे हैं।

> विश्व पृथ्वी दिवस पर मंगलवार को शहर में विविध आयोजन किए गए। इस वर्ष का मुख्य विषय हमारी शक्ति हमारा ग्रह रखा गया है। इसके तहत तपती हुई धरती को बचाने नई ऊर्जा के उपयोग पर बल दिया गया।






# धरती को बचाने नई ऊर्जा के उपयोग पर बल


## विश्व पृथ्वी दिवस पर शहर में विविध आयोजन, बच्चों ने किया लोगों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पृथ्वी दिवस धरती और उसके प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए समर्पित एक खास दिन है। पृथ्वी जीवनदायिनी है। जहां वायु, जल, मिट्टी, सूर्य का प्रकाश और अनुकूल तापमान समेत जीवन जीने के लिए सभी जरूरी प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध है। इसके बाद भी आज पृथ्वी की आवश्यकता से अधिक दोहन किया जाने लगा है, जिससे धरती को नुकसान पहुंच रहा है। इस तरह के हो रहे दोहन के कारण पृथ्वी और इसका वातावरण दूषित हो रहा है। पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य धरती के हो रहे दोहन को रोकना और वातावरण को संरक्षित करने के लिए लोगों को जागरूक करना है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए शहर में कई आयोजन कर धरती को बचाने लोगों को जागरूक किया गया।

## सीवीआरयू में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस




डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन की थीम अवर पावर ,अवर प्लेनेट रखा गया था । इस अवसर पर एनसीसी, एनएसएस, साइंस, शिक्षा विभाग, फार्मेसी, विधि, भूगोल, सामाजिक विज्ञान, स्काउट गाइड, सहित सभी संकायों के विद्यार्थियों ने अंचल में जागरूकता रैली निकाली। कोटा और आसपास के क्षेत्र में रैली निकाल कर विद्यार्थियों ने प्रकृति के संरक्षण और पर्यावरण प्रदूषण रोकने का संदेश दिया। इस अवसर पर सभी ने प्रकृति संरक्षण की शपथ भी ली।विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने पृथ्वी पर पड़ रहे दुष्प्रभाव और उसके संरक्षण की दिशा में किए जाने वाले कार्यों को ड्राइंग और पेंटिंग के माध्यम से भी सबके सामने रखा। विश्व पृथ्वी दिवस पर एनसीसी कैडेट्स के बीच ड्राइंग और पेंटिंग कंपटीशन भी आयोजित किया गया। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अरविंद तिवारी ने बताया कि पर्यावरण को लेकर विश्वविद्यालय बहुत ही संवेदनशील है ।यही कारण है कि हम साल भर पर्यावरण के संरक्षण संवर्धन की दिशा में काम करते रहते हैं। प्रतिवर्ष 1 हज़ार पौधे विश्वविद्यालय और अंचल में रोपित किए जाते हैं। इसके साथ-साथ उसके पोषण की भी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय को विभागवार सौंपी जाती है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डिप्टी रजिस्ट्रार राकेश मिश्रा, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट संदीप सिंह ठाकुर,डीन शारीरिक शिक्षा डॉ जयशंकर यादव, सहित बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के प्राध्यापक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

■ विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने प्रकृति संरक्षण की शपथ भी ली

### गोद ग्राम और वनांचल में जल की जांच- कुलपति

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने बताया कि विश्वविद्यालय जल संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहा है । विश्वविद्यालय के आसपास के गांव , गोद ग्राम ,वनांचलों में विद्यार्थियों और विभाग की टीम जाकर जल का की जांच करते हैं। लोगों को स्वच्छ जल मुहैया करने के लिए प्रयास भी करते हैं। तालाब में भी स्वच्छ जल हो इसके लिए सफाई अभियान एनसीसी एनएसएस के विद्यार्थियों द्वारा किया जाता है।

## ईको क्लब के बच्चों ने ली फ्यूल फ्री डे मनाने की शपथ

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल रायपुर के सहयोग से भारत माता आंग्ल माध्यम शाला बिलासपुर ईको क्लब के छात्र-छात्राओं ने अर्थ डे पर फ्यूल फ्री डे का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को जागरूक करना रहा। इस दौरान बताया गया कि वे पृथ्वी दिवस के दिन अपने दैनिक जीवन में जीवाश्म ईंधन से चलने वाले वाहनों का उपयोग न करें। ट्रैफिक सिग्नल पर वाहनों को जरूर बंद करें। घरों में जब जरूरत न हो बिजली के उपकरणों का उपयोग न करें। साइकिल, पैदल, कार पुलिंग, कम्युनिटी ट्रांसपोर्ट का उपयोग कर वातावरण में कार्बन उत्सर्जन को रोकना है। प्राचार्य फादर सलीन पी के नेतृत्व में ईको क्लब के बच्चों ने चौक-चौराहों में आम जनता को जागरूक किया। एक काम अपने पृथ्वी के नाम इस उद्देश्य को लेकर शहर के सभी नागरिकों तक पहुंचने का प्रयास किया गया। अंत में ईको क्लब के सभी बच्चों ने पृथ्वी दिवस को फ्यूल फ्री डे मनाने की शपथ ली और सभी को इस महा अभियान में जुड़ने का आग्रह किया। फ्यूल फ्री डे अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनता को अपने व्यवहार में परिवर्तन लाना है। जिससे हम अपनी धरती की रक्षा कर सके। इस अवसर पर ईको क्लब के सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## बच्चों को सिखाया गया सीड बॉल व ईको ब्रिक्स बनाना

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि बिलासपुर ने रामपुर शिवतराई विद्यालय में पृथ्वी दिवस का आयोजन किया। इसमें बताया गया कि यदि पेड़ का संरक्षण करना है तो पेड़ के जड़ में जल देना होगा। जिससे पौधा पेड़ और फिर विशाल वृक्ष बन सके। इस तरह बच्चों को जल संरक्षण, वृक्षारोपण एवं इससे होने वाले लाभ की जानकारी देकर छोटे बच्चों में पर्यावरण के संरक्षण का बीज रोपित करने का प्रयास किया गया। अंत में सभी बच्चों को सीड बॉल व ईको ब्रिक्स बनाने, नए लगे पौधों का संरक्षण के संबंध में बताया गया। कार्यक्रम में जिला संयोजक हर्ष द्विवेदी, शिक्षक विक्रम धर दीवान, विजय, गोपाल ध्रुव, रामवती, छात्रों में पार्वती, याचना, कामता सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## पृथ्वी जीवन जीने देती है कई अमूल्य उपहार

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा राजयोग भवन सेवा केंद्र में विश्व पृथ्वी दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सेवा केंद्र की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने बताया कि पृथ्वी हमें जीवन जीने के लिए कई अमूल्य उपहार देती है। पृथ्वी एक मां की तरह हमारा लालन पालन, हर सुख-सुविधा का ख्याल रखती है। पृथ्वी हमें रहने का स्थान देती है। पृथ्वी मां के साथ शिक्षक भी है। पृथ्वी हमें धैर्य रखना सिखाती है। धैर्य जीवन से लक्ष्य प्राप्ति का द्वार खुलता है। सहन करने, सबको आश्रय देने की शिक्षा देती है। उन्होंने कहा कि जीवन में भी हमें कभी रुकना नहीं चाहिए हम जो है, जहां है, जैसे भी हैं उस स्थिति में आगे बढ़ने का बदलाव लाना है।



शिक्षा का सार्थक ज्ञान किताबों के पन्नों में ही छिपा

# डिजीटल युग में भी पुस्तकों की विश्वसनीयता बरकरार

विश्व पुस्तक दिवस आज

पुस्तकें मनुष्य जीवन के लिए महत्वपूर्ण स्थान रखती है, बचपन की स्कूली शिक्षा से आरंभ होकर पढ़ाई जीवन के अंत तक चलती है। इतिहास की जानकारी हो या धार्मिक मान्याताएं हर कुछ किताब में ही प्रमाणित मिल सकता है। बदलते दौर में जरूर एक क्लिक पर जानकारी मिल जा रही है, मगर शिक्षा का सार्थक ज्ञान किताबों के पन्नों में ही छिपा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विश्व पुस्तक दिवस प्रत्येक वर्ष यह 23 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिन पुस्तक की महत्ता के बारे में चर्चा की जाती है। डिजिटल युग में नेट के ईर्द-गिर्द घूमते ज्ञान के चलते किताबों से रूझान जरूर पहले से कम हुआ है, मगर आज भी पुस्तकों के महत्व को जानने वाले लोग अपने जुनून से इस दिवस को सार्थक बना रहे हैं। शिक्षाविदों ने उनके द्वारा लिखी गई पुस्तकों पर चर्चा की, जिनको पढ़कर विद्यार्थी आगे बढ़ रहे हैं। इन्होंने बताया कि वे खुद मानते हैं कि किताबें पढ़ने के लिए रूचि और लिखने के लिए जुनून चाहिए। पुस्तकों में रुझान बढ़ाने के लिए पुस्तक दिवस पर शिक्षाविदों का कहना है कि वर्तमान में पढ़ने-लिखने की प्रवृत्ति कम होने की वजह से लोग पुस्तकों से लोग दूर भाग रहे हैं। सभी कुछ इंटरनेट पर ही खंगालना चाहते हैं।





### किताबों में मिलता संस्कार

श्री बुक डिपो के संचालक नारायण गुप्ता ने बताया कि पुस्तकें बच्चों में अध्ययन की प्रवृत्ति, जिज्ञासु प्रवृत्ति, सहेजकर रखने की प्रवृत्ति के अलावा संस्कार रोपित भी करती है। साथ ही कला, संस्कृति, लोक जीवन व सभ्यता के बारे में भी पता चलता है। लोगों को पुस्तकों की ओर रुझान बढ़ाने के लिए ही विश्व पुस्तक दिवस मनाया जाता है। पहले की तरह आज के समय में पुस्तक मेला लगने की आवश्यकता है और इसमें सार्थक चर्चा भी सतत होना चाहिए।

### ईबुक से यूथ जुड़ रहे

नए जमाने के दौर में फिजिकल किताबों की जगह पर ईबुक को आज के यूथ खूब पसंद कर रहे हैं। यही वजह है कि लाईब्रेरी से लेकर राईटर तक ईबुक पब्लिश कर रहे हैं। इस ईबुक को डिजीटली पढ़ सकते हैं। शहर के सरकंडा स्थित सेंट्रल लाईब्रेरी में भी ईबुक की सुविधा छात्रों को दी जा रही है।



### इतिहास व धर्म किताबों में ही प्रमाणित

प्रोप्रेसर आर के रस्तोगी ने बताया की वर्चुअल दुनिया में भले ही कितनी जानकारी उपलब्ध हो जाए, मगर कोई भी इतिहास और धार्मिक विषयों की जानकारी पुस्तक में ही प्रमाणित होती है। इसके लिए लोग नेट का भी सहारा लेते है, मगर विश्वनीयता जो किताबों में मिलती है,वह इंटरनेट में नहीं मिल सकती है।

### शहर में बनेगा नालंदा परिसर

स्मार्ट सिटी के तहत शहर में मिशन अस्पताल की जगह पर नालंदा परिसर बनाया जाएगा, जिसका कार्य भी जल्द प्रारंभ हो जाएगा। जहां पर एक छत के नीचे सैकड़ों छात्र पढ़ाई कर सकेंगे। यहां पर पुस्तकें, वाईफाई व पढ़ाई करने का माहौल रहेगा। इसके खुलने से छात्रों को पढ़ाई के लिए नया आयाम मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### डीएवी स्कूल में प्रवेश सूची का प्रकाशन

**मस्तूरी।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल परसदावेद में आरटीई के अंतर्गत सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु प्राप्त आवेदनों की नोडल अधिकारी द्वारा जांच उपरांत कर अपात्र छात्र-छात्राओं कि सूची का प्रकाशन किया गया, जिसे स्कूल के सूचना पटल में चस्पा किया गया है। सम्बंधित छात्र-छात्राओं के अभिभावक इसका अवलोकन कर सकते हैं। यदि किसी अभ्यार्थी को जारी की गई सूची में दर्शाए गए विवरणों पर आपत्ति या स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो वे 25 अप्रैल को दोपहर 2 तक आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित अधिकारी को लिखित रूप से आपत्ति दर्ज करा सकते है।

### राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण के लिए आबिद का चयन

**तखतपुर।** नगर में संचालित



सेजेस विद्यालय में पदस्थ व्याख्याता आबिद अंसारी का चयन राष्ट्रीय स्तर पर पीएमश्री विद्यालयों के विज्ञान एवं गणित विषयों के व्याख्याताओं का प्रशिक्षण हेतु किया गया है। वे महाराष्ट्र के पुणे इंडियन इस्टिट्यूट आफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर में साईंस टेक्नालाजी एवं इंजीनियरिंग व मैट्स विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

# नाली की सफाई के बाद कचरा नहीं उठाने पर पार्षद नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

नगरपालिका तखतपुर में नाली की सफाई के बाद कचरा नहीं उठाने और वापस नाली में कचरा गिरने से नाराज पार्षद ने 23 अप्रैल को नाली का कचरा नहीं उठने पर वार्डवासियों के साथ कचरे को उठाकर नगरपालिका कार्यालय के सामने फेंकने की चेतावनी दी है।



नगरपालिका तखतपुर की लापरवाही पर पार्षद कोमल सिंह ठाकुर ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि नाली से कचरा निकालकर वहीं बगल में रख दिया जाता है और उसका उठाव उचित ढंग से नही हो पा रहा है। इसके कारण मच्छर व बीमारियों की आशंका बनी रहती है। वार्ड क्रमांक 3 में नियुक्त कर्मचारी कभी भी वार्ड में नहीं दिखते हैं, ऐसे गैर जिम्मेदार कर्मचारियों को तत्काल हटाते हुए उनके बदले में किसी अन्य की नियुक्ति की जाए। उपमुख्यमंत्री का आदेश भी कचरे में- इधर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री का निर्देश है कि नगरपालिका के अधिकारी प्रतिदिन नगर क्षेत्र में भ्रमण कर सफाई की व्यवस्था का जायजा लेंगे एवं उसकी फोटो भी अपलोड करेंगे। लेकिन नगरपालिका तखतपुर के अधिकारी को इस निर्देश से कोई लेना देना नहीं है, जिससे आम नागरिक सफाई, पानी सहित अन्य व्यवस्था को लेकर परेशान हो रहे हैं। साथ ही कोमल सिंह ने कहा है कि यदि 23 अप्रैल तक नाली का कचरा नहीं उठाया गया तो मोहल्लेवासी स्वयं कचरा उठाकर नगरपालिका कार्यालय के सामने फेकेंगे तथा उग्र आंदोलन भी करेंगे।

### शीघ्र होगी सफाई

वार्डो में साफ-सफाई के लिए पार्षदों के एक कर्मचारी है, इसके बाद भी यदि कर्मचारी वार्डों में सफाई नहीं कर रहे है तो पार्षद इसकी सूचना कार्यालय को दें ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। वार्ड 3 की कचरे की सफाई शीघ्र ही करा दी जाएगा।

**- अमरेश सिंह,**
सीएमओ तखतपुर

# आरक्षक की खड़ी कार में लगी आग, शराब जब्ती की डस्टर कार भी आई जद में

**कोरबा।** जिले में सूर्य की तपिश इतनी तेज हो गई है कि तापमान लगभग 44 डिग्री के आसपास जा पहुंचा है इससे आसमान के गोले बरस रहे हैं। बालको थाना परिसर में एक आरक्षक की खड़ी कार में अचानक आग लग जाने से हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड की टीम को इसकी सूचना मिली तो टीम मौके पर पहुंची और आग को काबू कर पाती कि परिसर में शराब जप्ती के मामले में खड़ी डस्टर कार भी उसकी जद में आ गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने किसी तरह आग को काबू किया लेकिन तब तक स्वीफ्ट कार पूरी तरह से जल कर स्वाहा हो चुका था। बालको थाना परिसर में मंगलवार की दोपहर लगभग 3 बजे उस समय हड़कंप मच गया जब थाने में पदस्थ आरक्षक डेविड निराला की कार में अचानक आग लग गई। पुलिसकर्मियों ने फायर सेफ्टी उपकरणों से आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी कि आग को काबू नहीं किया



जा सका और आग इतनी तेज थी कि कार पूरी तरह से जल गई। बताया जाता है कि इस दौरान कार थाना परिसर में बंद अवस्था में खड़ी थी। आग कैसे और किन परिस्थितियों में लगा है स्पष्ट नहीं हो पाया है तो वहीं दूसरी ओर कार के ठीक बगल में खड़े शराब तस्करी के मामले में जप्त की गई डस्टर कार भी उसकी जद में आ गया था। फायर ब्रिगेड की टीम को इसकी सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और तब तक कार पूरी तरह से जल कर स्वाहा हो चुका था।

## खबर संक्षेप

### बिना बताए घर से निकली नाबालिग, अज्ञात पर जुर्म

**तखतपुर।** घर से बिना बताए निकली लड़की शाम तक घर नही पहुंचने पर परिजनों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 137,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार परसाकापा निवासी प्रार्थी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री 19 अप्रैल को सुबह 11 बजे घर से निकली और जब शाम तक घर नही पहुंची तो परिजनों ने आसपास व रिश्तेदारों से संपर्क किया और जब कोई जानकारी नहीं मिली तब थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 137,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

### निषाद समाज का वार्षिक महासभा सम्मेलन 26 को

**लखराम।** केवट निषाद समाज जाली लगरा गद्दी बिलासपुर परिक्षेत्र का वार्षिक महासभा सम्मेलन 26 शनिवार 26 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में केवट निषाद समाज की सामाजिक बैठक 20 अप्रैल को आयोजित की गई, जिसमें सामाजिक वार्षिक महासभा के लिए ग्राम लगरा के श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण को चुना गया। बैठक में समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने, नशामुक्ति, आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक व नारी उत्थान पर विशेष चर्चा की गई। महासभा सम्मेलन में सामाजिक जनप्रतिनिधियों एवं बड़े बुजुर्गों का सम्मान किया जाएगा। बैठक में गददी संरक्षक सीताराम निषाद, मंदिर समिति के अध्यक्ष हरिराम केवट, माधव राम केवट, राम प्रसाद केवट, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पवन केवट, रामलाल केवट, दादू केवट, जवाहर केवट, अरुण केवट, घनश्याम केवट, प्रहलाद केवट सहित सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सेजेस पंधी स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन 5 तक

**लगरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय पंधी के प्राचार्य संजय शर्मा ने बताया कि नए सत्र के लिए शाला में 10 अप्रैल से प्रवेश प्रारंभ हो चुका है एवं प्रवेश के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की प्रक्रिया जारी है। ऑनलाइन आवेदन पोर्टल के माध्यम से 5 मई तक कक्षा पहली से 12वीं के लिए किया जा सकता है। ऑनलाइन फॉर्म भरने के बाद उसकी हार्ड कॉपी एवं सभी डाक्यूमेंट्स उसके साथ संलग्न करके शाला में जमा करना होगा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय पंधी में सभी प्रकार की विद्यार्थी हितार्थ सुविधाएं विद्यमान हैं एवं सभी विषय के विशेषज्ञ शिक्षक उपलब्ध हैं। साथ ही सभी कक्षा के लिए पर्याप्त कमरे उपलब्ध हैं एवं डिजिटल क्लासरूम, कंप्यूटर शिक्षा, खेलकूद, भौतिक, रसायन, विज्ञान प्रयोगशाला, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित खेल का मैदान भी है। कार्यवाही में आबकारी विभाग के स्टॉफ शामिल रहे।

### भागवत कथा में शामिल होने राज्यपाल को न्यौता

**पेंड्रा।** जगत गुरु स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज की प्रेरणा से टीरुराम भारिया आदिवासी समुदाय द्वारा 22 से 28 अप्रैल तक मनवापारा बचरवार में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के लिए राज्यपाल को आमंत्रित किया गया है। जिसमें श्रीदुर्गा मंदिर पेंड्रा के पुजारी श्याम बाबू त्रिपाठी, नंदलाल साहित्या, रावेंद्र शुक्ला, कृष्णानंद तिवारी, वैभव तिवारी, राज भवन में जाकर सौजन्य भेंट कर आमंत्रित किया। इस आयोजन के विषय में राज्यपाल को विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई, साथ ही संस्था के द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों के बारे में भी विस्तृत से विवरण दिया गया। राज्यपाल ने और आयोजन में आगमन का आश्वासन दिया।

# छात्रा तनीषा को मिली अंतर्राष्ट्रीय छात्रवृत्ति

**सीपत।** बाल भारती पब्लिक स्कूल एनटीपीसी की कक्षा 12वीं वाणिज्य वर्ग की मेधावी छात्रा तनीषा साहू ने एक बार फिर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। तनीषा का चयन एशिया काकेहाशी परियोजना छात्रवृत्ति 2025 हेतु हुआ है, जो जापान सरकार के शिक्षा, संस्कृति, खेल, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा पूर्णतः वित्तपोषित अंतर्राष्ट्रीय छात्रवृत्ति



कार्यक्रम है। तनीषा साहू न केवल अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए जानी जाती हैं, बल्कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भी सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के प्राचार्य शलम निगम ने तनीषा की उपलब्धि पर कहा कि तनीषा साहू की यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है।

# तखतपुर जपं में स्थायी समितियों के सभापति का चुनाव

**तखतपुर।** जनपद पंचायत तखतपुर के स्थायी समितियों के सभापति का चुनाव किया गया, जिसके निर्वाचन अधिकारी एसडीएम शिव कुमार कंवर, सहायक निर्वाचन अधिकारी सीईओ सत्यव्रत तिवारी रहे।

जनपद पंचायत अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार सामान्य प्रशासन समिति, राकेश तिवारी शिक्षा समिति, श्याम सिंह ध्रुव कृषि समिति, बबीता देवी जांगड़े स्वच्छता समिति, सीमा श्रीवास वन समिति, मनहरण कौशिक सहकारिता और उद्योग समिति, गीता यादव खनिज समिति, रंजना कौशिक महिला एवं बाल कल्याण, अरूण सिंह चौहान राजस्व समिति, परमेश्वर पटेल संचार तथा संकर्म एवं रानी सोनी को स्वाच्छता समिति का सभापति बनाया गया है। निर्वाचन के बाद जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार ने कहा कि सभी



सदस्यों की सहमति से स्थायी समिति के सभापति का चयन किया गया है। अब वे अपने समिति के अनुरूप कार्य करते हुए विखं क्षेत्र में विकास कार्य को गति देंगे। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, संतोष कौशिक, विशाल सिंह, नैन लाल साहू, दिनेश साहू, संतोष कश्यप, संतोष वस्त्रकार, अश्वनी श्रीवास सहित अन्य उपस्थित रहे।

## निधन

### हरि शंकर शुक्ला

**बिलासपुर।** सरजू बगीचा निवासी



हरि शंकर शुक्ला खमतराई वाले का 22 अप्रैल को निधन हो गया। इनकी अंतिम यात्रा सीबी हाइट्स सरजू बगीचा से 23 अप्रैल को सुबह 9 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सोनम एवं नेहा तिवारी के पिता राम शंकर शुक्ला के भाई थे।


### गोरे लाल तिवारी

**बिलासपुर।** उदई चौक कतियापारा शिव मंदिर के पास रहने वाले गोरे लाल तिवारी खरौद वाले का 94 वर्ष की आयु में 22 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 अप्रैल को सुबह 10 बजे मधुवन शमशान घाट में किया जाएगा। वे चंद्रशेखर, ज्ञानेश व कल्पना के पिता थे।

# पर्यटन विशेषज्ञों का तीन दिवसीय सम्मेलन

**गौरेला।** प्राकृतिक, ऐतिहासिक एवं धार्मिक पर्यटन स्थलों से शुमार जीपीएम जिले को पर्यटन जिला के रूप में पहचान दिलाने तथा यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विशेषज्ञों का तीन दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी के मार्गदर्शन में 18 से 20 अप्रैल तक आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने जिले के लगभग सभी पर्यटन स्थलों का दौरा किया एवं यहां की स्थानीय संस्कृति एवं जैव विविधता से रूबरू हुए। अतिथियों ने पहले दिन बिल्लमगढ़ में प्राकृतिक गुफा और वहां की स्टैगमाइट आकृतियों का अवलोकन किया। राजमेरगढ़ में संचालित कैंटीन और कैंपिंग साइट में सनसेट देखा। इस यात्रा में अतिथियों



ने डूमरपानी, जामुनपानी, तिपान, जोहिला और अमरावती-गंगा नदियों का उद्गम भी देखा। सम्मेलन के दूसरे दिन अतिथियों ने बैगा बाहुल्य क्षेत्र केंवची, बानघाट में भ्रमण किया और यहां के वैद्यों से मुलाकात की। इस दौरान वे बैगा जनजाति के घरों में उनकी प्राकृतिक एवं मितव्ययी जीवन शैली को देखकर प्रभावित हुए। शाम को अतिथियों ने पूटा में ग्रामीण हाट एवं चांद-सूरज मंदिर का भ्रमण किया गया, इसके बाद ब्रह्मीपानी ठोड़ा तक नाइट ट्रेकिंग की और रात्रि में स्थानीय कलाकारों के गौरा गौरी नृत्य एवं शैला नृत्य का आनंद लिया। स्थानीय बुजुर्ग ने बताया कि इस पक्षी को यहां प्रेत चिरई और दुलहा चिरई नाम से जानते हैं। उन्होंने समुदलई स्थित प्राकृतिक कुंड, गूलर पानी कुंड, गगनई डेम, बेनीबाई और धनपुर स्थित पुरातात्विक स्थलों का भ्रमण किया। सम्मेलन में आए अथिति यहां की जैव विविधता, दुर्लभ ऑरेंज ओक लीफ तितली, मैपविंग तितली, दूधराज पक्षी और बम्बू पिट वाइपर से विशेष रूप से प्रभावित हुए। सम्मेलन में आए अतिथियों में बस्तर ट्राइबल होम स्टे के संचालक शकील रिजवी, केशकाल स्थित रूरल यात्रा और टाटामारी इकोटूरिज्म के संचालक रिजवान खान, सोलो ट्रेवलर एवं राइटर स्मिता अखिलेश, सरीसृप विशेषज्ञ विवेक शर्मा, आकाशवाणी बिलासपुर से डॉ सुप्रिया, मैं जुहिला पुस्तक के चर्चित लेखक प्रतिभू बनर्जी, स्केच आर्टिस्ट अद्वैत भारत, बिलासपुर रेलवे जोन प्रबंधक एस भारतीयन, नित्या पर्यटन समिति के संचालक प्रदीप सिंह बघेल, सेलिब्रिटी इवेंट मैनेजर सुचित सिंह एवं डाक्यूमेंट्री फिल्म मेकर कृतार्थ चतुर्वेदी शामिल थे।

### 12 लीटर देसी व कच्ची शराब जब्त

**मुंगेली।** शासन के निर्देशानुसार अवैध शराब पर रोक लगाने लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम पंडरभट्ठा में रविवार को 6.120 लीटर देसी मदिरा प्लेन और पथरिया विकासखण्ड के परसिया में सोमवार को 6.50 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आरोपी संतोष भास्कर और सुनील यादव के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।



**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास, मंगला, बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी-458 आबंटी श्री सुनील अग्रवाल पिता श्री स्व. श्री सेवक लाल के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 28.03.2006 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 19.01.2023 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्रीमती कृष्णा देवी टैनगन पति श्री आशीष टैनगन के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्ध शासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण/हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/क/ना.तह./वा./2025
बिलासपुर दिनांक 22.04.2025

मौजा तोरवा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा तोरवा प.ह.नं. 37 तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित/ कृषि भूमि ख.नं. 769/2 रकबा 2850 वर्गफुट वर्गफीट/ एकड़ हेतु आवेदक/ आवेदिका श्री जगदीश्वर राव वगै. पिता/ पति नरसिंह राव निवासी तोरवा तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत ताबादलानामा/ फौती नामांतरण/ बैनामा रजिस्ट्री नामांतरण/ वसीयत नामांतरण/ दानपत्र नामांतरण/ पंजीकृत हकत्याग नामांतरण, तबादला नामा, हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 07.05.2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 22.04.2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6-अ/2024-2025

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम पांड, प.ह.नं. 42, तहसील सकरी जिला बिलासापुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक बंशी लाल पिता मुडिया निवासी ग्राम पांड तहसील सकरी जिला लिबासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम पांड स्थित भूमि ख.न. 90/2 रकबा 0. 84 डिस्मिल आवेदक के नाम पर दर्ज है। वर्तमान राजस्व रिकार्ड में ऑनलाईन नाम दर्ज नहीं है। जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार किये जाने हेतु धारा 115 छ.ग. भू रा.सं. के तहत राजस्व रिकार्ड में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में पेश किया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 28.04.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22.4.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार सकरी**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास, मंगला, बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई. जी - 475 C आबंटी श्रीमती नंदनी शर्मा पति श्री रंजन शर्मा के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 23.02.2016 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 19.01.2023 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्रीमती सीमा देवी पति श्री ब्रजमोहन सिंह के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्ध शासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण/हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

**SONKAR COLLEGE OF PHARMACY**
Approved by: PCI, New Delhi & Affiliated to CSVTU, Bhilai (C.G.)
**RECRUITMENT** Applications are invited for the post of
**PRINCIPAL, PROFESSOR, ASSOCIATE PROFESSOR, ASSISTANT PROFESSOR, LECTURER**
**For D. Pharma & B. Pharma Courses**
Eligibility & Qualifications as per PCI & CSVTU norms
Interested candidates send resume and other relevant testimonials with passport size photographs with in 10 days of advertisement at sonkarpharmacymungeli@rediffmail.com
**SECRETARY**
Raipur Road, Mungeli (C.G.) 495334
Email: sonkarpharmacymungeli@rediffmail.com.
Contact: 9754676700, 7566412234

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक//अति.तह./वा./2024
बिलासपुर, दिनांक 11.04.2025

एतद् द्वारा ग्राम बिरकोना प.ह.नं. 47 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका मोहित राम पिता/ पति स्व. मुरितराम निवासी ग्राम बिरकोना के द्वारा मौजा बिरकोना म.नं. 01 म. 72 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि शामिल खाते की भूमि खसरा नंबर 512, 508, 566, 274/9/क रकबा 0.2190, 0.2870, 0.2190, 0.182 एकड़ भूमि को बंटवारा हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत करने पर सुनवाई उपरांत हल्का पटवारी से उपरोक्त खाते का भूमि का बंटवारा फर्द लिया गया।

जिसकी छायाप्रति संलग्न है प्रस्तुत बंटवारा फर्द के अनुसार बंटवारा करने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता को न्यायालय में सुनवाई तारीख 28.04.2025 को समय प्रातः 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगें।

आज दिनांक 11.04.2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**

क्र/क/रा.नि./2025
जूना बिलासपुर, दिनांक 16.04.2025

प्रति, 1. श्री एन जगन्नाथ श्री स्व. एन कालीदास 2. बसंत पटेल 3. सुशांत चटर्जी 4. टी.पी. चटर्जी 5. ऊभरानी जी (सर्वसंबंधित) (समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/ आवेदक के बताए अनुसार)
विषय:- सीमांकन में उपस्थित होने बावत।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र./क/तह./वाचक/2025, बिलासपुर दिनांक 19.03.25
आवेदक श्री एन जगन्नाथ जी निवासी हेमू नगर के द्वारा ग्राम तोरवा प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 1167/12 रकबा 1031 व.फु. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 25.04.25 को समय 12 PM से 5PM बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी। टीपः 1. आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2. विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**जूना बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2025,
बिलासपुर, दिनांक 13.03.2025

श्री आशीष कुमार आत्मज श्री नरेन्द्र कुमार उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम कनेरी पो. पिरैया थाना चकरभांठा तहसील बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी अनिशा साहू आत्मजा श्री घनश्याम साहू उम्र 21 वर्ष ग्राम पोस्ट हरदीकला थाना सिरगिट्टी तहसील बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 22.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



आशीष कुमार



कुमारी अनिशा साहू

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमसेना तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**

क्र/क/सीमांकन/रा.नि./2025
अमसेना, दिनांक 22.04.2025

प्रति, 1. अभिषेक सिंह (आवेदक) 2. खसरा क्र. 594 के सभी बटांकन के भूमिस्वामी 3. रामशरण पि. नारायण कौशिक 4. नत्थूराम पि. जोहन साहू वगैरह राजकुमारी पु. मोहन 5. हेमलता सोनी, रवि, बम्तानी, संतोष मालिक राम वगैरह 6. अन्य हितबद्ध पक्षकार 7. महितोष सराफ पि. छेदीलाल 8. दिनेश कु. मित्तल 9. रामप्रसाद विश्वकर्मा
विषय:-सीमांकन के समय उपस्थित रहने बाबत।
संदर्भ:- न्याया.तह./अति./नायब तहसीलदार सकरी के ज्ञापन क्र. 961/वा.तह./2025 दिनांक 22.04.2025

ग्राम अमसेना प.ह.नं. 38 रा.नि.मं. अमसेना, तहसील सकरी स्थित भूमि ख.नं. 594/2 रकबा क्रमशः 1.12 ए./ 0.453 हेक्ट. के सीमांकन हेतु अभिषेक सिंह पिता/ पति विरेन्द्र पाल सिंह निवासी बिलासपुर द्वारा न्यायालय तह./ अति. तह./ नायब तह. सकरी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 24.04.2025 को 11.00 से 5.00 बजे को किया जाना है, जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

टीपः आवेदक सीमा- चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदूर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

**(धारा कश्यप)**
**राजस्व निरीक्षक अमसेना**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं. दीनदयाल नगर देवरीखुर्द बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी -231, आबंटी श्री पी. सुरेश राव पिता श्री पी. एन. राव, के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 07.10.2006 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्रीमती बिन्दा चौधरी पति श्री अनिल चौधरी को विक्रय करना चाहते है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि कोउक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- बिलासपुर**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि मेरे मुवक्किल अनिल गोयल पिता ओमप्रकाश गोयल निवासी तखतपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूं, यह कि विक्रेता भास्कर प्रसाद पिता केशव प्रसाद निवासी कमोदा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. वाले के हक स्वामित्व कि भूमि ग्राम नगोई प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. जरौंधा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित जिसका खसरा नं. 1050/1 रकबा 0.39ए./ 0.157हे. भूमि है जिसका बिक्री कर ब्याना बतौर 20,000=00 (बीस हजार रूपये) प्राप्त कर विक्रय का इकरारनामा निष्पादित किया गया है। एवं उक्त भूमि कि पंजीयन का कार्यवाही दिनांक 05.05.2025 तक होना है। यह कि उक्त भूमि का भास्कर प्रसाद द्वारा किसी भी व्यक्ति से विक्रय का इकरारनामा एवं किसी भी शासकीय संस्था में रहन गहन किया गया तो सात दिवस के भीतर दावा आपत्ति किया जा सकता है।

नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

**अजय सोनकर- अधिवक्ता**
**तखतपुर**
**मो.नं. 9770606833**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**
**सीमांकन सूचना**

प्रति, 1. विकास अग्रवाल 2. प्रभा अग्रवाल 3. चन्द्रकली 4. सौरभ दुबे
विषय:- सीमांकन/स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह/ना. तह. के ज्ञापन दिनांक 26.12.2024

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम अमेरी प.ह.न. 43 रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 488/4 रकबा 0.0110 वर्गफीट एकड़/ हेक्टेयर भूमि स्वामी विकास अग्रवाल पिता/ पति कैलाश अग्रवाल निवासी विनोबा नगर के द्वारा सीमांकन/ स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 28/04/25 को समय 11:00 से 5:00 बजे तक किया जावेगा।

अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अतः सुचना जाने।
टीप:- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।
1. न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह./ना. तह. को सूचनार्थ। 2. हल्का पटवारी को सूचनार्थ। 3. नगर पालिक निगम बिलासपुर को सूचनार्थ।

**राजस्व निरीक्षक, सकरी**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**
**सीमांकन सूचना**

प्रति, 1. प्रभा अग्रवाल 2. विकास अग्रवाल 3. संजय अग्रवाल 4. चन्द्रकली 5. सौरभ दुबे 6. हितेन्द्र सिंह
विषय:- सीमांकन/स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह/ना. तह. के ज्ञापन दिनांक 26.12.2024

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम अमेरी प.ह.न. 43 रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 488/3 रकबा 0.0350 एकड़/ हेक्टेयर भूमि स्वामी प्रभा अग्रवाल पिता/ पति विकास अग्रवाल निवासी विनोबा नगर के द्वारा सीमांकन/ स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 28/04/25 को समय 11:00 से 5:00 बजे तक किया जावेगा।

अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अतः सुचना जाने।
टीप:- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।
1. न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह./ना. तह. को सूचनार्थ। 2. हल्का पटवारी को सूचनार्थ। 3. नगर पालिक निगम बिलासपुर को सूचनार्थ।

**राजस्व निरीक्षक, सकरी**

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा इलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Cosmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतों को सीधा करना
• दांतों की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

22-APR--REGNOL--pg-5-COMMAN_Layout 1 4/22/2025 11:30 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन समिट में यश करेंगे प्रदेश का प्रतिनिधित्व

**मुंगेली।** दिल्ली में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व यश गुप्ता करेंगे। देश की राजधानी नई दिल्ली में डॉ



अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में 23 अप्रैल को स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन समिट होने जा रहा है, जहां देश भर के प्रमुख विश्वविद्यालयों के छात्र संघ के निवर्तमान व वर्तमान पदाधिकारी व छात्र राजनीति के अनुभवी 35 वर्ष से कम के नेतृत्वकर्ताओं का समिट होगा। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ से कुल 12 सदस्यों का प्रतिनिधि मंडल समिट में हिस्सा लेगा। मुंगेली से यश गुप्ता समिट में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। यश अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री से ले कर जिला संयोजक, बिलासपुर विभाग संयोजक व रायपुर में बतौर संगठन मंत्री काम कर चुके हैं। वे वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के युवा विंग युवा मोर्चा में प्रदेश कार्य समिति सदस्य व कबीरधाम जिला प्रभारी के रूप में काम कर रहे हैं। इस अवसर पर छात्र नेताओं एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने हर्ष प्रकट किया।

### आरपीएफ आईजी के निर्देश पर चला महिला सुरक्षा अभियान

**गौरेला।** पेंड्रारोड में आरपीएफ अधिकारियों व स्टॉफ के द्वारा 11 से 24 अप्रैल तक पोस्ट प्रभारी आलोक




चंदवासी के मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अकेले यात्रा कर रही महिलाओं को किसी प्रकार की परेशानियों से बचाने लिए पेंड्रारोड से गुजरने सभी गाड़ियों में पंपलेट बाटकर व पंपलेट चिपकाकर महिलाओं को जागरुक किया जा रहा है। बता दें कि आरपीएफ बिलासपुर आईजी मुनौव्वर खुर्शीद के निर्देश पर पूरे बिलासपुर जोन में एसईसीआर रेल में महिलाओं की यात्रा को सुगम व भयमुक्त बनाने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही अकेले सफर कर रही महिला यात्रियों को किसी भी समस्या में तत्काल सहायता उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की गई है। इस दौरान 6 लोगों पर रेलवे अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई की गई।

### सुनील लहरे को मिला शिक्षा विद सम्मान



**लोरमी।** धमतरी के गंगरेल बांध के समीप शिवा रिसॉर्ट में निजी विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ धमतरी के प्रमुख सुबोध राठी सहित संगठन की ओर से प्रदेश स्तरीय शिक्षा विद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। समारोह में नेहा पब्लिक उमा विद्यालय छीतापार लोरमी एवं विष्णुकांती महाविद्यालय छीतापार के संचालक सुनील लहरे को शिक्षा के क्षेत्र में पिछले पंद्रह वर्षों से अग्रणी कार्य करने के लिए शिक्षा विद सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिले के अशासकीय विद्यालय संचालक संघ के जिला अध्यक्ष नरबद कुमार कश्यप, जिला सचिव सोमनाथ बंजारे, जिला सह सचिव ब्रम्हदत्त त्रिपाठी एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष गुलाब चंद अनंत उपस्थित रहे।

### छटन स्कूल में सेवानिवृत्त शिक्षकों दी गई को विदाई



**मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छटन में संकुल सेवानिवृत शिक्षकों का संकुल स्तरीय विदाई समारोह एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य एडी अंचल ने बताया कि सेवाकाल पूर्ण होने के बाद सेवानिवृत होना हमारे शासन का नियम है और विदाई समारोह का आयोजन करना हमारे संस्था का धर्म है। इस अवसर पर सरपंच लुमेश सप्रे, सरपंच प्रतिनिधि कुमंत साहू, सूर्यकांत उपाध्याय, बीआरसीसी नंदराम मरकाम, रामेश्वर साहू, उमाकांत मिरी, मीरकंठ साहू, अमीन सोनवानी, सुषमा गुप्ता, ओमप्रकाश साहू, बलदाऊ साहू, झमेश पटेल, जय सिंह मरकाम, ज्योति सिंह, सुषमा गुप्ता, राजकुमारी बंजारे, लक्ष्मी नारायण जोशी, कमल सिन्हा, रामेश्वर राव, संतोष कुमार, अंजू राम सप्रे, हुलासी राम साहू, हेमचंद बारमते, अशोक सियारे, लालाराम घृतलहरे, चैतराम सप्रे, उपसरपंच गणेश सोनकर, वेंद्र सप्रे, सेवक राम साहू, तितली बुनकर गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहन उपाध्याय ने किया।

## मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नोटिस

# सड़कों पर गंदगी देख भड़के कलेक्टर



साफ-सफाई का निरीक्षण करते नवपदस्थ कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले के नवपदस्थ कलेक्टर कुन्दन कुमार ने मंगलवार की सुबह मुंगेली नगर के प्रमुख चौक-चौराहों का निरीक्षण कर साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई सार्वजनिक स्थलों और मुख्य मार्गों पर गंदगी देखने को मिली, जिससे कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने सफाई व्यवस्था में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ आशीष तिवारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री कुमार ने साफ शब्दों में कहा कि नगर के मुख्य चौराहों, सार्वजनिक स्थलों एवं भीड़ वाले क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था अनिवार्य रूप से बनी रहनी चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने नगर पालिका की पूरी टीम को नियमित सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने निर्देशित किया कि अधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई की व्यवस्था की जाएं तथा स्वच्छता के प्रति नागरिकों में जागरूकता लाने हेतु वॉल पेंटिंग्स के माध्यम से संदेश प्रसारित किए जाएं। इसी तरह उन्होंने शहर में अंधेरा वाली जगहों पर लाईटिंग और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया और सभी निर्माण कार्यों को तय समय सीमा और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों से संवाद कर पेयजल, मच्छर, विद्युत सहित अन्य समस्याओं की जानकारी ली। प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

### कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाने कलेक्टर-एसपी ने ली बैठक

जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से नवपदस्थ कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल की अध्यक्षता में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री कुमार ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी समन्वय, संवाद और विश्वास के मूल मंत्र को अपनाकर अपने-अपने क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सजगता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में शांति और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएं।



कलेक्टर ने कहा कि राजस्व एवं स्थानीय अमले जैसे पंचायत सचिव, पटवारी, रोजगार सहायक, राजस्व निरीक्षक और कोटवार के साथ निरंतर संवाद बनाए रखा जाएं। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत जिला प्रशासन तक पहुंचे, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलने वाली फेक न्यूज पर कड़ी निगरानी रखने और सोशल मीडिया सेल के गठन की बात कही, जिससे भ्रामक सूचनाओं पर समय रहते रोक लगाई जा सके। कलेक्टर ने सभी एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार को छात्रावास, स्कूल, हॉस्टल एवं स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना केवल पुलिस का दायित्व नहीं, बल्कि पूरे प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी विभाग आपसी समन्वय और सजगता से कार्य करें, ताकि किसी भी संभावित स्थिति से समय रहते निपटा जा सके। पुलिस अधीक्षक ने बाहर से आने वाले अपराधी प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों का भी चिन्हांकन करने के निर्देश दिए और जिले में सतत पेट्रोलिंग करने को भी कहा, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सकें। उन्होंने नए कानून के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा, अपर कलेक्टर गिरधारी लाल यादव, श्रीमती मेनका प्रधान, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित जिले के सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



## कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने सुशासन तिहार के प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की।

- आवास मित्र की नियुक्ति व समय पर मानदेय भुगतान के निर्देश

उन्होंने कहा कि आवेदनों का तेजी से निराकरण के लिए विशेष प्रयास करने की जरूरत है। इसके लिए विकासखंड स्तरीय अमले को लगाने, अंतर्विभागीय मांगों एवं शिकायतों को संबंधित विभागों को अग्रेषित करने तथा समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिए। उन्होंने आवेदनों का निराकरण जिला स्तर पर नहीं होने की स्थिति में विभागीय सचिव व विभाग प्रमुख से मार्गदर्शन प्राप्त करने, आवेदनों का परीक्षण कर पात्रता के अनुसार लाभ दिलाने, राजस्व संबंधित आवेदनों का प्रकरण बनाकर दर्ज करने और मौका निरीक्षण कर निराकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि 21 अप्रैल की स्थिति में विभागवार ऑनलाइन संधारित आवेदनों की संख्या 50 हजार 26 है। इनमें से 1 हजौर 8 सौ 77 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। कलेक्टर ने पीएम आवास योजना के तहत पूर्ण, अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों की समीक्षा करते हुए लगभग 30 हजार आवास निर्माण के लक्ष्य को 30 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे, संयुक्त कलेक्टर दिलेराम डाहिरे, एसडीएम पेण्ड्रारोड ऋचा चंद्राकर, एसडीएम मरवाही प्रफुल्ल रजक, डिप्टी कलेक्टर अमित बेक सहित विभिन्न विभागों के जिला, अनुभाग एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## पदमपुर अस्पताल में मना लीवर दिवस

**मुंगेली।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुर में विश्व लीवर दिवस मनाया गया। लिवर की सेहत के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हर साल 19 अप्रैल को विश्व लिवर दिवस मनाया जाता है।

डॉ. मनीष बंजारा ने बताया कि लिवर हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। ये फैट को ब्रेक डाउन करने में मदद करता है, साथ ही रक्त से हानिकारक पदार्थों को बाहर निकालकर शरीर को स्वस्थ रखने में भी लिवर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सोचिए अगर ये अंग ठीक से काम करना बंद कर दे तो कितनी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं? आश्चर्यजनक रूप से पिछले एक दशक में लिवर की गंभीर बीमारियों के मामले कम उम्र के लोगों में भी बढ़ते जा रहे हैं। फैटी लिवर, लिवर सिरोसिस यहां तक कि 30 से कम आयु के लोग कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। इस साल का थीम भोजन ही औषधि है, इसलिए पौष्टिक भोजन का चयन जरूरी है। डॉ. बंजारा ने बताया कि लगातार वजन बढ़ना, थकान रहना, पेट में भारीपन या हल्का दर्द और भूख में कमी जैसे लक्षण लिवर की गड़बड़ी का संकेत हो सकते हैं। अगर समय पर ध्यान न दिया जाए, तो यही मामूली समस्याएं आगे चलकर लिवर सिरोसिस या लिवर कैंसर का कारण बन सकती हैं। उन्होने आगे बताया कि लिवर की बढ़ती बीमारियों के लिए कोई एक कारण नहीं हैं। हमारी दिनचर्या और आहार में गड़बड़ी ने समय के साथ इस अंग को गंभीर क्षति पहुंचाई है। इसके अलावा आगे बताया, जिन लोगों को अक्सर हाई ब्लड प्रेशर या शुगर बढ़े रहने की समस्या रहती है, उनमें भी लिवर की बीमारियों का खतरा अधिक देखा जाता रहा है। इस अवसर पर उर्मिला सिन्हा, मिथलेश राठौर, मोनिका, त्रिवेणी, दिवाकर, किशोर उपस्थित रहे।

## हमारा दायित्व है धरती का संरक्षण करना

**मल्हार।** जिस प्रकार हम अपने तन को ढंककर एवं स्वास्थ्यवर्धक भोजन कर अपने शरीर की रक्षा करते हैं, उसी प्रकार हमें धरती मां की भी सुरक्षा करनी चाहिए। हम इंसान जैसे अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए तन को ढकते हैं, उसी तरह धरती को भी ढककर रखना अत्यंत आवश्यक है।



प्राकृतिक संसाधन जैसे फसल अवशेष, खरपतवार या जैविक आवरण से जब हम धरती को ढंकते हैं, तो वह नमी को संरक्षित करती है। इससे गर्मियों में दरारें नहीं पड़तीं, वर्षा में मिट्टी बहती नहीं, और ठंड में मिट्टी की उष्णता बनी रहती है। यह प्राकृतिक आवरण जैविक कार्बन, जीवाश्म और मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाता है। यह एक प्रकार का जीवित आवरण है, जो धरती की सेहत को बेहतर बनाए रखता है।उक्त बातें मल्हार में जैविक खेती की क्रांति लाने वाले उन्नतशील किसान जदुनंदन वर्मा ने विश्व धरती दिवस के मौके पर कही। उन्होंने आगे कहा कि जैसे हम अपने शरीर को पौष्टिक आहार देते हैं, उसी तरह धरती धरती मां को भी जैविक खाद की आवश्यकता होती है। रासायनिक उर्वरकों से केवल उत्पादन बढ़ता है, लेकिन मिट्टी की आत्मा मरती जाती है। जब हम जैविक खाद देते हैं, तो यह सोचकर देना चाहिए कि स्वस्थ मां से ही स्वस्थ संतान जन्म लेती है। धरती हमारी मां है और हम उसके पुत्र। यदि मां स्वस्थ नहीं रहेगी, तो हम कैसे रहेंगे। दुख की बात है कि आज हम इंसान अपनी मां समान धरती पर अत्याचार कर रहे हैं। कहीं हम अंधाधुंध खनन कर बड़े-बड़े गड्ढे खोद रहे हैं, कहीं कांक्रीट के जंगल खड़े कर रहे हैं, कहीं सड़कें और इमारतें बनाकर जमीन को सील कर रहे हैं। ट्यूबवेल और बोरवेल से भूमिगत जल का अत्यधिक दोहन कर धरती को सूखा और बेजान बना रहे हैं। हम प्रगति की अंधी दौड़ में धरती मां के अस्तित्व को ही संकट में डाल रहे हैं।

### तो सत्य के मार्ग पर होंगे

अब समय आ गया है कि हम चेत जाएं, हमारा धर्म, हमारा कर्म, और हमारी साधना सब तभी सार्थक होंगे जब हम धरती मां के प्रति संवेदनशील होंगे। हमें धरती को एक जीवित मां मान कर उसका आदर, पोषण और संरक्षण करना होगा, तभी हम सच्चे अर्थों में सत्य के मार्ग पर होंगे।

**- राजकिशोर पांडेय,** आध्यात्मिक चिंतक

## बालिका ने निगला 5 रुपए का सिक्का, डाक्टरों ने निकाला

**मुंगेली।** खेल-खेल में 7 वर्षीय बालिका ने 5 रुपए का सिक्का मुंह से निगल लिया। ग्रासनली के मध्य भाग में सिक्का फंस जाने से बच्ची की स्थिति खराब हो रही थी। लोरमी से जिला अस्पताल लाया गया, जहां पर सिविल सर्जन एवं नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. एमके राय एवं निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. राजेश बेलदार की टीम ने बच्ची के गले से सिक्के को बाहर निकाला।



जिला अस्पताल में सामान्य रोगों के साथ ही रिफर किये जाने वाले केसो को भी ध्यान देकर निदान करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम चिल्फी लोरमी निवासी साहू परिवार की 7 वर्षीय बच्ची धनेश्वरी पिता डोमन साहू ने खेल-खेल में 5 रूपए का सिक्का निगल गई थी। परिजनों ने आसपास के डॉक्टरों को दिखाकर सिक्का बाहर करने का प्रयास किये किंतु सफलता नहीं मिलने पर जिला चिकित्सालय मुंगेली में बच्ची को लेकर आये। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक एवं नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. एमके राय तथा निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. राजेश बेलदार की टीम सहायक मनोज बंजारे, अभिलाषा, देवेंद्र, आयुष, शोरिक, कमलेश थानवार, शिवकुमारी, मनीषा, हरेंद्र मिरी आदि ने बच्ची के गले से सिक्के को बाहर निकाला। जिला अस्पताल में बच्ची का स्वास्थ्य ठीक है।

## मंगल स्पंज एंड स्टील में मना अग्निशमन सेवा सप्ताह

**बिल्हा।** मंगल स्पंज एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड बिल्हा में 14 से 21 अप्रैल तक 'एकजुट हो अग्नि सुरक्षित भारत को प्रज्जलित करें' थीम पर अग्निशमन सेवा सप्ताह संयत्र सुरक्षा समिति निदेशक एवं सभापति मनोज अग्रवाल के मार्गदर्शन में मनाया गया। 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा सप्ताह का उद्घाटन वरिष्ठ प्रबंधक एके त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।



इस अवसर पर एके त्रिपाठी, रंजीत सिंह, प्रदीप निर्मलकर, रामेश्वर कौशिक, आजाद सिंह, एचके परिडा, गौतम झा, अजय घोरे आदि ने 'प्रज्जवलन के स्त्रोतों को हटा दें, आग लगने से रोकें' पोस्टर का विमोचन किया गया। 21 अप्रैल को अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन समारोह में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें एके त्रिपाठी एवं एचके परिडा ने बताया कि आग के प्रकार, आग लगने के कारण, आग को बुझाने के लिए विभिन्न अग्निशमक यंत्र, अग्नि शमक यंत्र उपयोग का प्रशिक्षण, अग्नि से संयत्र को विभिन्न खतरों और अग्नि के विनाशकारी प्रभाव पर नियंत्रण के प्रयासों के बारे जानने की आवश्यकता है। हर साल आग लगने के कारण 25 हजार लोगों की मृत्यु हो जाती है और 27 हजार करोड़ रूपए की संपत्ति का नुकसान होता है। हम सभी वर्ग के समाज, व्यवसाय, अद्योगिक संस्थाओं से अग्नि सुरक्षा की आशा करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि कोयले से जुड़े औद्योगिक परिसर में सिगरेट पीने के बाद नहीं फेंकनी चाहिए, इससे आग लगने की संभावना बढ़ जाती है।

## नाबालिग को भगाकर दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**पथरिया।** मुंगेली पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देश पर महिला संबधि लंबित अपराधों एंव गुम बालक - बालिका के मामले में निकाल करने के परिपालन में थाना पथरिया मे महिला संबधि अपराधों के आरोपी की तलाश के लिए मुखबिर तैनात किया गया था। पुलिस के अनुसार प्रार्थी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग लड़की घर से बिना बताए कही चली गई है। जिस पर पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर नाबालिग की तलाश कर रही थी। जांच के दौरान पता चला कि नाबालिक को आरोपी शिवपाल राजपूत निवासी खरसोला थाना सरगांवभगाकर ले गया है। पुलिस ने पुणे महारष्ट्र जाकर लड़की एवं आरोपी को थाना पथरिया लाया। पुलिस ने बताया की आरोपी युवक द्वारा लड़की को शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक सम्बन्ध बना रहा था। आरोपी को धारा 366.376. (2) पास्को एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया।




## विहिप ने किया ममता बनर्जी का पुतला दहन



**पेंड्रा।** बंगाल में हो रहे हिंसा को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही में दुर्गा चौक पेंड्रा बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही बंगाल में राज्य सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की गई।

इस दौरान विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंगदल के कार्यकर्ता में आक्रोश देखने को मिला। पुतला दहन के दौरान कार्यकर्ताओं एवं पुलिस के बीच झूमाझपटी भी हुई। इस दौरान विहिप जिला अध्यक्ष हर्ष छाबरिया, जिला संयोजक सागर पटेल, उपाध्यक्ष सरोज पवार, ज्ञानेंद्र उपाध्याय, सुरेश गुप्ता, प्रवीण राय, संतोष तिवारी, जिनेन्द्र शुक्ला, हेमंत पूरी, ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी, विनय पांडे, शिवम साहू, प्रिया त्रिवेदी, उषा गुप्ता, नवीन विश्वकर्मा, राजा कश्यप, नंदकुमार गुप्ता, रूपेश साहू, शूभम गुप्ता, निखिल परिहार, खूबचंद, भारत, आकाश शर्मा एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## छत्तीसगढ़िया सरयुपारीण ब्राह्मण समाज का सम्मान समारोह

# ब्राह्मण समाज ने लिया प्री वेडिंग शूट के बहिष्कार का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

भाटापारा में छत्तीसगढ़िया सरयुपारीण ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में विप्र सम्मान समारोह का वृहद आयोजन किया गया, जिसमें आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष राकेश तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

भाटापारा के हृदय स्थल माहेश्वरी भवन में आयोजित उक्त कार्यक्रम में समाज के पूर्व विधायक, नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधी, सामाजिक कार्यकर्ता व पदाधिकारी एवं समाज की सक्रिय महिलाओं के साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बालक-बालिकाओं को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आमंत्रित अतिथियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष राकेश तिवारी को ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों द्वारा भव्य रूप से सम्मानित किया गया। इस दौरान पर श्री तिवारी ने बलौदाबाजार-भाटापारा आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के जिला इकाई एवं प्रांतीय पदाधिकारियों की घोषणा की एवं शीघ्र ही महिला प्रकोष्ठ के गठन की स्वीकृति दी। इस दौरान पं राकेश तिवारी ने विप्र समाज की महानता पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान में समाज की शादियों में प्री वेडिंग शूट हेतु लड़के-लड़कियों को अनुमति देने के दुष्प्रभावों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की एवं इसे अन्य समाज के लिए भी अनुचित बताया। श्री तिवारी के आव्हान पर लगभग 5 सौ की संख्या में उपस्थित विप्रजनों ने जय जय परशुराम के जयघोष के साथ ब्राह्मण समाज में प्री वेडिंग शूट के बहिष्कार का संकल्प लेकर प्रदेश सहित पूरे देश के विप्रजनों के लिए संदेश प्रसारित किया। श्री तिवारी ने छत्तीसगढ़िया सरयूपारीण समाज भाटापारा के अध्यक्ष सुनील दुबे एवं समस्त पदाधिकारियों को इस भव्य एवं सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, नरेंद्र शर्मा, सुशील शर्मा, नपा अध्यक्ष अश्विनी शर्मा, मनीष मिश्रा, समाज के अध्यक्ष सुनील दुबे, मनीष शुक्ला डॉ निशा शर्मा, सीमा तिवारी, उषा मिश्रा, कविता शर्मा एवं भावना शुक्ला सहित सैकड़ों की संख्या में विप्र समाज के पुरुष महिलाएं एवं युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा बलौदाबाजार- भाटापारा के जिला अध्यक्ष मनोज पांडेय ने किया ।



कार्यक्रम में अतिथि का सम्मान करते आयोजक।

## हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभ लाभ पहुंचाना हमारा लक्ष्यः स्मृति




**बिलासपुर।** ग्राम पंचायत सेमरताल मे छग सरकार के द्वारा चलाए जा रहे अभियान तुंहर द्वार साय सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना 2025-26 सर्वेक्षण 2.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिपं. सदस्य क्षेत्र क्र 3 स्मृति त्रिलोक श्रीवास, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिपं. सदस्य एवं पूर्व पार्षद योगिता आनंद श्रीवास, चरण सिंह राज, शुभम श्रीवास थे। अध्यक्षता सरपंच धनीत्तर सूर्यवंशी ने की। आयुष सिंह राज के मार्गदर्शन के बीच कार्यक्रम के मुख्य संचालक अनिल वर्मा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सेमरताल में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस दौरान अति विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की नोडल अधिकारी नीतू राज, ग्राम सचिव पूर्णिमा यादव, उपसरपंच अक्षय साहू, समस्त पंच, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक यदुनंदन कौशिक, रविंद्र नाथ गहवई, प्रमोद साहू, ध्रुव साहू, जुगनू कौशिक, अवधराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

22 APRIL- BSP-PG-6_Layout 1 4/23/2025 12:21 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### युवक पर लाठी से हमला, सिम्स में भर्ती

**बिलासपुर।** जमीन सीमांकन कराने कोटा गए एक युवक पर तीन लोगों ने लाठी से जानलेवा हमला कर दिया है। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। कोटा थाना के एसआई राज सिंह ने बताया, कोतवाली क्षेत्र के सदर बाजार निवासी रतेश सलूजा चार माह पूर्व सदरबाजार निवासी अजय सिंह ठाकुर के साथ मारपीट कर दिया था। घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाने में लिखाई गई थी। उसके बाद दोनों के बीच रंजिश चल रही थी। 22 अप्रैल को रितेश सलूजा जमीन का सीमांकन कराने कोटा मोहनभाठा गए। इसी दौरान अजय ठाकुर अपने अन्य दो साथियों के साथ आया और पुरानी रंजिश का हवाल देते हुए रितेश पर लाठी से ताबड़तोड़ हमला कर फरार हो गए। घायल रितेश सलूजा को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रितेश सलूजा की रिपोर्ट पर अजय ठाकुर एवं अन्य दो के खिलाफ बीएनएस की धारा 109 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### शादी का झांसा देकर युवती से अनाचार

**बिलासपुर।** शादी का झांसा देकर युवती से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोनी टीआई किशोर केंवट ने बताया, एक युवती की सीपत नरगोड़ा निवासी टीकम प्रसाद केसकर से 3 साल से दोस्ती थी। पिछले दिनों दोनों कोनी क्षेत्र के ग्राम पौंसरा रिश्तेदारी में शादी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। उसी दौरान युवक ने शादी करने का आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### 117 लीटर महुआ शराब जब्त, 2 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** आबकारी विभाग की टीम लगातार दबिश देकर अवैश शराब विक्रेताओं पर कार्रवाई कर रही है। पिछले दो दिनों में बिल्हा क्षेत्र के हिर्री और चकरभाठा में आबकारी विभाग की टीम पहुंची और 5 जगहों पर छापा मार कार्रवाई की गई। इस दौरान 5 प्रकरण भी बनाए गए हैं। आबकारी ने कार्रवाई करते हुए 117 लीटर महुआ शराब और 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं तीन अजमानतीय प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इस दौरान आबकारी ने हिर्री के ग्राम खजूरी प्रमोद महिलांगे पिता भागीरथी से 35 लीटर को गिरफ्तार बोदरी चकरभाठा के तालाब में 75 ली महुआ शराब और 780 किलो महुआ लहान मिला है। वहीं दो दिन पहले ही हिर्री के ग्राम सकर्रा में आरोपी हेमप्रकाश चक्रधारी के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब एवं 30 कि ग्राम महुआ लहान जब्त की गई है। विभाग ने दोनों आरोपी को जेल भेज दिया है।

### बुलेट चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने चोरी करने वाले एक युवक को पकड़कर चोरी की दो



बुलेट बरामद किया है। सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली दीनदयाल कालोनी निवासी अविनाश पात्रे उर्फ पिंटू पिता सत्यप्रकाश पात्रे 52 साल चोरी की बुलेट में घूम रहा है। पुलिस ने उसके घर में दबिश दी तो कपड़े में ढका दो बुलेट मिला। पूछताछ करने पर उसलापुर रोड पैसिफिक रेस्टारेंट व शिक्षक कालोनी से चोरी करना स्वीकार किया लिया। पुलिस दोनों बुलेट जब्त कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### लापता नाबालिग सौंपे गए परिजनों को

**बिलासपुर।** पुलिस ने लापता हो चुके तीन नाबालिग बच्चों को बरामद कर परिजनों को सौंपा है। सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली कि अटल आवास निवासी दो व भारतीय नगर निवासी एक नाबालिग बच्चा लापता हो गया है। थाना प्रभारी ने टीम बनाकर बच्चों की पतासाजी करने का निर्देश दिया। इस दौरान टीम को सूचना मिली कि उसलापुर रेलवे स्टेशन में बताए गए हुलिए के अनुसार दो बच्चे दिखाई दिए हैं, जिसे पूछताछ कर पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया। वहीं भारतीय नगर से लापता हुए बच्चे को पुलिस ने बरामद कर परिजनों को सौंपा है।



## तपती धूप में ट्रेन पकड़ने की मजबूरी

**बिलासपुर।** उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन में अब तक किसी भी रेल अफसरों ने प्लेटफार्म पर लगे शेड को विस्तार करने की ओर ध्यान नहीं दिया है। इसकी वजह से भीषण गर्मी और दोपहर की तेज धूप में यात्री मजबूरी में ट्रेन पकड़ने के लिए प्लेटफार्म पर खड़े होकर इंतजार कर रहे हैं। इसके साथ ही आदर्श स्टेशन के प्लेटफार्म की लंबाई भी ट्रेन से काफी कम है, जिसके कारण ट्रेन के एसएलआर कोच प्लेटफार्म से बाहर निकल जा रहे हैं। स्टेशन में सुबह से शाम तक आने-जाने वाली ट्रेनों में नर्मदा एक्सप्रेस, बरौनी एक्सप्रेस, शहडोल लोकल, नौतनवा एक्सप्रेस, संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, मंगलवार और बुधवार को चलने वाली जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर एक्सप्रेस और गरीब रथ शामिल है, जिसमें लगाए गए कोच के अनुसार यात्रियों को शेड के नीचे खड़े होकर इंतजार करने की सुविधा रेल प्रशासन ने नहीं दी है। इसकी वजह से सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक आने-जाने वाली ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को काफी दिक्कत हो रही है।

एटीआर व मुंगेली में विस्थापन की चल रही प्रक्रिया

# शिवतराई पंचायत की आपत्ति से अटका एटीआर के 16 गांव का विस्थापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व के 19 गांव में तीन गांव के विस्थापन की प्रक्रिया मुंगेली जिले में शुरु कर दी गई है, लेकिन अब तक 16 गांव की ओर से चिन्हांकित शिवतराई की जमीन में विस्थापन का मामला केवल पंचायत की आपत्ति की वजह से अटका पड़ा है। इसके कारण एटीआर प्रबंधन को भी परेशानी हो रही है।

एटीआर जंगल में बसे ग्रामीणों को दूसरे स्थान पर विस्थापित करने की प्रक्रिया करीब 12 वर्ष से चल रही है। पूर्व में 6 गांव में रहने वाले लोगों को लोरमी और मुंगेली क्षेत्र में विस्थापित करने के उपरांत चार साल से कोर जोन में बसे तीन गांव बिरारपानी, छिरहट्टा और तिलईडबरा के करीब 133 परिवारों के विस्थापन करने का कार्य हो रहा है। पूर्व राज्य सरकार ने ग्रामीणों को विस्थापित करने के लिए 500 करोड़ रुपए से अधिक राशि का बजट प्रस्ताव बनाया, लेकिन बाद में यह योजना भी ठंडे बस्ते में चली गई। एक बार फिर तीनों गांव बिरारपानी, छिरहट्टा और तिलईडबरा के ग्रामीणों के विस्थापित की योजना शुरु कर दी गई है, जिनके 171 परिवार के लिए मुंगेली के सावतपुर और भरतपुर में 255.300 हेक्टेयर जगह चिन्हांकित की गई है। इन 171 परिवार में से प्रत्येक परिवार को 15-15 लाख रुपए की राशि दी जानी है, ताकि वे एटीआर को खाली करने के बाद दूसरे स्थान पर चले जाएं। सेन्ट्रल से राशि का आबंटन नहीं होने की वजह से विस्थापन कार्य की प्रक्रिया धीमी गति से चल रही है। इसी तरह बचे हुए 16 गांव अचानकमार, बिंदावल, सारसडोल, छपरवा, लमनी, अतरियाखार, रंजकी, सुरही, अतरिया, बम्हनी, कटामी, जांकडबांधा, निवासखार, महामाई, डंगनिया और राजक एवं बफर जोन में जमुनाही, बोईरहा, पटपरहा, चकदा व सिवलखार के ग्रामीणों को भी जगह चिन्हांकित करने कहा गया था, जिन्होंने अचानकमार टाइगर रिजर्व के पहले शिवतराई के पास खाली जमीन पर रहने अपनी ओर से अनुमति भी प्रदान कर दी। ग्रामीणों के जगह चिन्हांकित करने के बाद एटीआर प्रबंधन ने शिवतराई में देखी गई जगह पर काम शुरु करना चाहा, लेकिन इस काम में शिवतराई पंचायत की ओर से आपत्ति लगा दी गई। इसके कारण अब 16 गांव के विस्थापन का मामला भी अधर में अटक गया है।



### 3 गांव के 111 को चाहिए निवास

एटीआर प्रबंधन के अनुसार वर्तमान में मुंगेली के भरतपुर में बिरारपानी और छिरहट्टा के ग्रामीणों को और सावतपुर में तिलईडबरा के ग्रामीणों को विस्थापन करने का कार्य किया जाना है। इसमें 133 परिवार हैं, जिसमें से 15 लोगों ने आप्शन वन के तहत 15 लाख रुपए की मांग की है। वहीं 111 परिवार मकान, खेत व अन्य सुविधाएं लेना चाहते हैं। इसमें प्रति परिवार को 2.3 हेक्टेयर जमीन देने का प्रावधान है।

### नहीं मिल रहा अनापत्ति प्रमाण पत्र

19 गांव में से तीन गांव तिलईडबरा, बिरारपानी, छिरहट्टा में रहने वाले 171 परिवार के लिए मुंगेली में जगह चिन्हांकित की गई है। इसके लिए स्टेट वाइल्डलाइफ बोर्ड की तरह केन्द्रीय बोर्ड भी होती है, जिससे एप्रुवल मिलने के बाद तीनों गांव का विस्थापन कर दिया जाएगा। प्रत्येक परिवार को 15-15 लाख रुपए दिया जाना है। इसी तरह 16 गांव के लोगों ने भी शिवतराई के पास वन विकास निगम का एरिया है, जिसे पसंद किया है। यहां लोग जाना चाहते हैं, लेकिन शिवतराई पंचायत की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहा है।

**-गणेश यूआर,** डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर


## रात में जला ट्रांसफार्मर 400 घरों में बिजली बंद

**बिलासपुर।** बीती रात करीब 12 बजे सरजू बगीचा क्षेत्र के ट्रांसफार्मर में आग लग गई, प्रचंड आग के चलते आसपास के बिजली तार जलकर राख हो गए। ट्रांसफार्मर बनाने में बिजली विभाग को पूरा दिन लग गया और अगले दिन शाम 5 बजे बिजली सप्लाई नार्मल हो सकी। इस दौरान 400 घरों में बिजली बंद रही, जिसके चलते उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बिजली विभाग की लचर व्यवस्था को लेकर उपभोक्ताओं कोसते रहे।

■ 44 डिग्री में उबले लोग

सरजू बगीचा में लगे 200 केवी का ट्रांसफार्मर सोमवार की रात को जल गया। आग इतनी भयंकर थी कि आग की लपटे आसापास के केबलों को भी राख कर गई। इस दौरान टीवी केबल भी जल गए। गोल बाजार जोन व फ्यूज कॉल को इसकी सूचना दी गई, लेकिन रात में ट्रांसफार्मर बदला नहीं जा सका। सुबह 10 बजे बिजली कर्मचारियों ने खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर लाइन शुरू कराई।

इस दौरान मरम्मत में काफी समय लग गया। शाम 5 बजे के बाद ही सप्लाई नार्मल हो सकी। 44 डिग्री तापमान में 400 घरों के 1800 लोगों को गर्मी और उमस से परेशान होना पड़ा।



### पानी के लिए तरसे लोग

ट्रांसफार्मर जलने के कारण कई घरों में पानी नहीं पहुंच सका। दरअसल कुदुदंड स्थित मेन टंकी से पानी की सप्लाई होती है लेकिन सरजू बगीचा स्थित बोर द्वारा क्षेत्र के अंदर गली मोहल्लों तक पानी पहुंचाई जाती है। सुबह 9 बजे के बाद ज्यादातर घरों में पानी नहीं पहुंच सका, इस दौरान 1 हजार से अधिक लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ा।

### बदला गया है ट्रांसफार्मर

रात में ट्रांसफार्मर बदला जाना मुश्किल था, दिन में ट्रांसफार्मर बदला गया है। दोपहर को ट्रांसफार्मर लगाकर चालू किया गया, लेकिन केबल में फाल्ट आने के कारण केबल भी बदला गया है। इसलिए थोड़ी देरी हुई है।

-प्रीता एक्का
एई, गोल बाजार जोन

## शनिचरी में विवाद, इमलीपारा में अवैध कब्जा तोड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बार-बार चेतावनी के बाद भी सड़क तक दुकान लगाने वाले दोना पत्तल, झौहा टोकनी दुकान में कार्रवाई करने पहुंचे निगम के अतिक्रमण निवारण अमले से शनिचरी बाजार में जमकर विवाद और झूमा झटकी की गई। व्यापारियों ने खुद सामान फेंक आग लगाने की धमकी तक दे डाली। इससे काफी देर तक तनाव की स्थिति रही। इसके बावजूद निगम अमले ने कारोबारी का सड़क तक फैला सामान जब्त कर लिया।

वही हंगामा करने वाले कारोबारी को पुलिस उठाकर सिटी कोतवाली ले गई। इसके बाद आसपास के कारोबारियों में हड़कम्प मच गया। कारोबारी अपने सामान को बचाने खुद अंदर करने लगे। वही जिन कारोबारियों के सामान बाहर तक बिखरे थे उन्हें जब्त कर फिर सड़क पर सामान नहीं रखने की चेतावनी दी गई। वही सड़क पर खड़े होकर कारोबार करने वाले फल कारोबारियों को भी दी गई जगह पर ठेला लगाने अंतिम चेतावनी दी गई।





निगम के मुताबिक अब सड़क पर यातायात बाधित कर ठेला लगाने वाले कारोबारियों के ठेले को जब्त किया जाएगा और पेनाल्टी भी लगाई जाएगी। इसके बाद निगम अमले ने इमलीपारा में शासकीय भूमि पर बिना अनुमति बनाए गए निर्माण को भी तोड़ा।

## सिरगिट्टी क्षेत्र के खाईवाल सहित दो लोग गिरफ्तार, पहुंचे जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिरगिट्टी क्षेत्र में बेखौफ सट्टा खिलाने वाले खाईवाल सहित दो लोगों को पकड़कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। दोनों को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

■ कमीशन पर आदमी रखकर खिला रहा था सट्टा

सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार को सूचना मिली शांतिनगर तिफरा चौक निवासी धनलाल साहू उर्फ पेंटर पिता बैकल साहू 48 साल कमीशन में आदमी रखकर तिफरा बाजार चौक में सट्टा खिला रहा है। श्री परिहार के निर्देश टीआई रजनीश सिंह ने स्टाप के साथ बाजारपारा में दबिश देकर सट्टा खिलाते अजय कुमार सिदार पिता विजय सिदार 25 साल को पकड़ लिया। उसके पास



से 1990 नकद रकम, एक मोबाइल व सट्टापट्टी बरामद किया गया है। पूछताछ में उसने कमीशन में शांतिनगर तिफरा निवासी खाईवाल धनलाल साहू उर्फ पेंटर पिता बैकल साहू 48 साल के लिए सट्टा खिलाना स्वीकार कर किया। उसके निशानदेही पर पुलिस ने खाईवाल धनलाल साहू उर्फ पेंटर को पकड़ा। पुलिस ने छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 ख, 112, 2 के तहत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

## स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बिलासपुर।** एक बार फिर शहर के अंदर तेज रफ्तार स्कार्पियो के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए पीछे से बाइक सवार युवक को टक्कर मार दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों की भीड़ एकत्रित होने पर ड्राइवर स्कार्पियों छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने स्कार्पियो जब्त कर लिया है।

सिविल लाइन थाना के एएसआई राजेशधर दीवान ने बताया, 22 अप्रैल को सुबह 10 बजे चिंगराजपारा निवासी जुगरू केंवट पिता स्व. हरीराम केंवट 28 साल बाइक क्रमांक सीजी 10 ईजी, 7994 में अनिश महराज को बैठाकर तिफरा छोड़ने गया था। अनिश को छोड़ने के बाद वह अपने भाई फागुराम केंवट के लेने के लिए राजीव गांधी चौक जा रहा था। महाराणाप्रताप चौक पार कर एसबीआर कालेज के पास पहुंचे था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार आ रही स्कार्पियो क्रमांक सीजी 10 बीए, 0937 के ड्राइवर ने लापरवाह पूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे जुगरू केंवट बाइक सहित सड़क में गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। भीड़ को देखकर ड्राइवर स्कार्पियो सड़क में खड़ी कर भाग निकला।

सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और गंभीर अवस्था में जुगरू केंवट को इलाज के लिए पास के निजी हास्पिटल में ले गई। जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने भाई फागूराम केंवट की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 106, 1 के तहत स्कार्पियों जब्त कर ड्राइवर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## करंट से मौत, जांच में लग गए चार साल

**बिलासपुर।** सड़क चौड़ीकरण में बिजली शिफ्टिंग के दौरान करंट लगने से गिरकर मजदूर की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस को जांच करने में 4 साल लग गए। ले देकर जांच पूरी करने के बाद ठेकेदार व पेटी कांट्रेक्टर के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। उसके बाद भी पुलिस दोनों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, 5 जून 2021 को धुरीपारा से लोखंडी रोड तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान बिजली शिफ्टिंग का कार्य रतनपुर निवासी सूरज पोर्ते 25 साल कर रहा था। जम्फर जोड़ते समय वह करंट की चपेट में आ गया और खंभा से नीचे गिर गया, जहां उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर खानापूर्ति कर लिया था। आलम यह है कि पुलिस को मर्ग की जांच करने में 4 साल लग गए। जांच के दौरान पाया गया कि बिजली शिफ्टिंग कार्य का ठेका बिलासपुर निवासी शरद मुरारका को मिला था और उन्होंने जांजगीर अकलतरा निवासी भगत कौशले को पेटी कांट्रेक्टर के रूप में काम दिया था। घटना के दिन कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराया गया था। जांच के बाद 21 अप्रैल 2025 को सिविल लाइन पुलिस ने ठेकेदार व पेटी कांट्रेक्टर के खिलाफ आईपीसी की धारा 304 ए, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर फिर खानापूर्ति कर लिया है। पुलिस आरोपी ठेकेदार व पेटी कांट्रेक्टर को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।







